


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 2, अंक : 348 रांची, बुधवार, 03 दिसम्बर, 2025 (मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब 'सेवा तीर्थ'

## केंद्रीय सचिवालय को अब कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा

**सरकार ने कहा – ये बदलाव सत्ता के बजाय जिम्मेदारी और पद के बजाय सेवा की भावना को करनेवाले हैं प्रबल**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में प्रशासनिक नहीं, बल्कि वैचारिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के नए परिसर का आधिकारिक नाम सेवा तीर्थ घोषित किया है। इसी के साथ केंद्रीय सचिवालय को अब कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने कहा है कि ये बदलाव सत्ता के बजाय जिम्मेदारी और पद के बजाय सेवा की भावना को प्रबल करने वाले हैं। यह नया परिसर, जिसे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के नाम से विकसित किया जा रहा था, अब अंतिम चरण में है। इसी परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय तथा इंडिया हाउस भी स्थित होंगे, जहां विदेश से आने वाले उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण वार्ताएं आयोजित की जाएंगी।

### देशभर के राजभवनों का नाम लोक भवन करने का फैसला

**सरकार** ने देशभर के राजभवनों के नाम बदलकर लोक भवन करने का निर्णय भी पहले ही लिया था। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कार्यालय का सेवा तीर्थ और केंद्रीय सचिवालय का कर्तव्य भवन नामकरण नागरिक-प्रथम प्रशासनिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है। सरकार ने कहा है कि सेवा, कर्तव्य और नागरिक-प्रथम की सोच आज प्रशासनिक भाषा का आधार बन चुकी है। नामकरण बदलाव इसी मानसिकता को प्रतिबिंबित करते हैं, जहां शासन को सत्ता के केंद्र की बजाय सेवा के स्थल के रूप में देखा जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में कई ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं– रेस कोर्स रोड का नाम लोक कल्याण मार्ग, राजपथ का कर्तव्य पथ और राजभवन का लोक भवन किया गया।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला : सरकार को दिए सख्त निर्देश**

# ईसाई बने तो नहीं मिलेंगे एससी वाले फायदे

एजेंसी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने धर्मांतर के बाद भी शेड्यूल कास्ट का दर्जा बनाए रखने को संविधान के साथ धोखाधड़ी के समान बताया है। उच्च न्यायालय ने यूपी के संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि धर्मांतरण के बाद ईसाई बनने वाले व्यक्ति रउ के तहत मिलने वाले लाभ न उठा पाए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया कि अल्पसंख्यक दर्जा और अनुसूचित



जाति के दर्जे के बीच अंतर को सख्ती से लागू किया जाए।

**ईसाई धर्म अपनाकर बताया हिंदू :** 21 नवंबर को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिका के सपोर्ट में फाइल किए गए एफिडेविट की जांच की और पाया कि याचिकाकर्ता ने एफिडेविट में अपना धर्म हिंदू बताया था, भले ही उसने ईसाई धर्म अपना लिया था। कोर्ट को बताया गया कि धर्म बदलने से पहले, याचिकाकर्ता अनुसूचित जाति समुदाय से था और उसने एफिडेविट में अपना धर्म हिंदू बताया था।

### क्या है पूरा मामला?

न्यायालय ने साथ ही प्रदेश में सभी जिलाधिकारियों के लिए ऐसे मामलों की पहचान कर उनकी रोकथाम के लिए कानून के मुताबिक कार्रवाई करने के लिए चार महीने की समय सीमा निर्धारित की। जस्टिस प्रवीण कुमार गिरि ने जितेंद्र साहनी नाम के व्यक्ति द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह निर्देश दिया। साहनी पर हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने और दुश्मनी बढ़ाने का आरोप है। साहनी ने इस आधार पर चार्जशीट रद्द करने की मांग की थी कि उन्होंने अपनी जमीन पर ईसा मसीह की शिक्षाओं का प्रचार करने के लिए संबंधित अधिकारियों से इजाजत मांगी थी और उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया था।

## संक्षिप्त

### पाकिस्तान के झूठ पर भारत ने कहा, मानवीय सहायता ले जा रहे विमान को दी गई समय से क्लीयरेंस

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी मीडिया के इस दावे का खंडन किया है कि उसने (भारत) चक्रवात प्रभावित श्रीलंका के लिए मानवीय सहायता ले जा रहे पाकिस्तानी विमान को एयर क्लीयरेंस नहीं दी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत इस चुनौतीपूर्ण समय में सभी उपलब्ध साधनों के माध्यम से श्रीलंका के लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि विमान को समय से क्लीयरेंस दिया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से आया बयान बेहूदा है। यह भारत के खिलाफ दुष्प्रचार का एक ओर प्रयास है।

### एआरसी समाप्त होने के बाद भी एयर इंडिया ने उड़ाया विमान डीजीसीए ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के एक विमान को ग्राउंड कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुताबिक, इस मामले में डीजीसीए ने न केवल जांच शुरू की है, बल्कि एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से विमान को ग्राउंड करने का भी निर्देश दिया है। एयर इंडिया ने विगत 26 नवंबर को डीजीसीए को बताया कि उनके एक विमान को समाप्त हो चुके एआरसी के बावजूद आठ राजस्व क्षेत्रों में उड़ाया गया था। सूचना मिलते ही डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू कर दी और विमान को सेवा से बाहर करने का आदेश दिया है। जांच पूरी होने तक इस मामले से जुड़े कर्मचारियों को अस्थायी रूप से तुरंत हटाया गया है। मंत्रालय के अनुसार डीजीसीए की जांच यह तय करेगी कि यह गलती किस स्तर पर हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है, जिसके बाद एयर इंडिया और संबंधित कर्मचारियों पर अंतिम कार्रवाई की जाएगी।

### अफीम के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** रांची के बुंडू थाना क्षेत्र के चक से उत्तर प्रदेश के बरेली तस्करी कर ले जायी जा रही एक किविंटल एक केजी अफीम भूसी मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा कला से बरामद किया गया है। मामले में दो अंतरराज्यीय तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। अफीम भूसी कार संख्या (यूपी-25डीवाई-0589) में चार अलग अलग बोरे में भरी हुई थी। चक गांव में अफीम भूसी 1400 रुपये किलो खरीदी जाती थी और बरेली में सात से आठ हजार रुपये किलो बेची जाती थी। जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने मंगलवार दोपहर एक बजे कार्यालय सभागार में बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि पांकी रोड से पड़वा की ओर एक सफेद रंग की कार से कुछ लोग अवैध अफीम डोडा की तस्करी कर ले जा रहे हैं।

# एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा

## स्पीकर बोले - लोकतंत्र में विपक्ष होता है, गौरव और शिष्टाचार भी होना चाहिए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा का शीतकालीन सत्र मंगलवार को भी विरोध और नारेबाजी के बीच शुरू हुआ। विपक्षी सांसदों ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्षी सांसद अपने-अपने स्थानों से उठकर नारे लगाने लगे- एसआईआर पर चर्चा करो। उन्होंने इस मुद्दे पर तत्काल बहस की मांग की। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बार-बार सांसदों से उनके स्थानों पर लौटने और सदन की कार्यवाही जारी रखने का अनुरोध किया, लेकिन नारेबाजी जारी रही। इस पर नाराज स्पीकर ने कहा कि आज जो व्यवहार मैं सदन और सदन के बाहर देख रहा हूं, जिसमें सांसद संसद के बारे में बोल रहे हैं, वह न केवल संसद के खिलाफ है बल्कि देश के खिलाफ भी है। लोकतंत्र में विपक्ष होता है, लेकिन गौरव और शिष्टाचार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संसदीय परंपराएं और गरिमा उच्चतम स्तर की होनी चाहिए। सदन में विरोध का स्वर कम नहीं हुआ और सदन को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

बता दें शीतकालीन सत्र की शुरूआत उथल-पुथल भरे माहौल में हुई थी, जब सोमवार को लोकसभा में बिहार विधानसभा चुनावों में वोट चोरी के आरोप और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ था। सत्र शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने सांसदों को असंयमित व्यवहार से बचने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि संसद में ड्रामा नहीं होना चाहिए और संसदीय ध्यान नीति निर्माण पर होना चाहिए, न कि नारेबाजी पर। पीएम मोदी ने कहा कि ड्रामा करने के लिए बहुत सी जगहें हैं। जो कोई भी करना चाहता है, वह करता रहे। यहां ड्रामा नहीं, बल्कि डिलीवरी होनी चाहिए। नारों के लिए भी पूरा देश मौजूद है, जहां चाहो नारे लगाओ। तुमने वहां नारे लगाए जहां तुम हारे थे, अब वहां नारे लगाओ जहां तुम हारोगे। हालांकि, यहां फोकस नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं।



### राज्यसभा ने मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा को लौटाया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को मणिपुर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विधयेक, 2025 लोकसभा को वापस भेज दिया, यह पूर्वोत्तर के राज्य में जीएसटी 2.0 सुधारों को लागू करने के लिए लाए गए अध्यादेश की जगह लेगा। संसद के निचले सदन लोकसभा ने सोमवार को यह विधयेक पास कर दिया था। राज्यसभा बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इससे पहले सदन के पटल पर मणिपुर माल एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 को रखा, जिसको जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए लाया गया था।

### लोकसभा में आठ को वंदेमातरम और नौ दिसम्बर को चुनाव सुधारों पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने के लिए तैयार हो गई है। लोकसभा में सोमवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं सालगिरह पर चर्चा होगी। इसके अगले दिन मंगलवार, 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा कराई जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षा में हुई सर्वदलीय बैठक में यह तय किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं सालगिरह पर और मंगलवार, 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। विपक्ष संसद के पिछले और मौजूदा सत्र में लगातार मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया एसआईआर को लेकर हंगामा करता रहा है।

**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा**

# परमाणु ऊर्जा, एसयू-57, एस-400 पर समझौता होने की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के दौरान एक ओर जहां पांचवीं पीढ़ी के सुखोई-57 लड़ाकू विमानों और हवाई प्रतिरक्षा प्रणाली एस-400 की खरीद के साथ जेट इंजन के प्रौ?द्योगिकी हस्तांतरण एवं संयुक्त निर्माण तथा छोटे परमाणु संयंत्रों की स्थापना पर समझौते होने की संभावना है वहीं दोनों देश अमेरिकी टैरिफ के कारण द्विपक्षीय व्यापार में आ रहीं बाधाओं को दूर करने के लिए किसी फॉमूर्ले पर सहमति दे सकते हैं। गुरुवार को शुरू हो रही रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने वीडियो लिंक के माध्यम से भारतीय पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता में इसकी पुष्टि की। इसका आयोजन रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने किया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि रूसी नेतृत्व रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुख का आदर करता है और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी योजना का भी समर्थन करता है



लेकिन यूरोपीय नेता चाहते हैं कि यह युद्ध यूक्रेन के अंतिम नागरिक की मौत होने तक बंद ना हो और इसीलिए वे यूक्रेन को लगातार वित्तीय एवं सैनिक मदद दे रहे हैं। पेस्कोव ने कहा - रूस-भारत संबंध केवल राजनयिक प्रोटोकॉल और व्यापार समझौतों का एक मानक सेट नहीं है, बल्कि यह उससे भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। हमारा द्विपक्षीय संबंध आपसी समझ, साझीदारी और वैश्विक मामलों की साझा दृष्टि और अंतरराष्ट्रीय कानून, कानून के शासन और एक दूसरे के हितों को ध्यान में रखने की क्षमता के विशाल तंत्र की गहरी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह हमारे संबंधों की एक बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषता है। हमें गर्व है कि हम अपने भारतीय मित्रों के ऐतिहासिक विकास के दौरान उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर सहयोग कर रहे हैं।

# घरेलू से औद्योगिक श्रेणी तक बिजली दरें बढ़ाने की तैयारी, विरोध तेज

**झारखंड में प्रस्तावित है 60 प्रतिशत बिजली दर में वृद्धि, घमासान मचा**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरों में औसतन 60 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव पर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) के समक्ष दाखिल अपनी टैरिफ याचिका में घरेलू, वाणिज्यिक, औद्योगिक और कृषि श्रेणियों में व्यापक बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। भाजपा ने इसका विरोध किया। आयोग ने याचिका स्वीकार कर ली है और नई दरों के लिए जनसुनवाई की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सकती है।

याचिका के अनुसार, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए



बिजली दर मौजूदा दर से बढ़ाकर 10.30 रुपए प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव रखा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो ग्रामीण उपभोक्ताओं को 6.70 रुपए के बदले 10.20 रुपए प्रति यूनिट और शहरी उपभोक्ताओं को 6.85 रुपए के बदले 10.30 रुपए प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना पड़ सकता है। वाणिज्यिक कनेक्शनों पर भी भारी वृद्धि का प्रस्ताव है और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए दर को 9.10 रुपए प्रति यूनिट तक ले जाने की सिफारिश की गई है। कृषि सिंचाई के लिए दर 5.30 रुपए से बढ़ाकर 9 से 10 रुपए प्रति यूनिट के बीच करने का प्रस्ताव है, जिससे खेती की लागत में बड़ी बढ़ोतरी होने की आशंका है। इस प्रस्तावित वृद्धि पर भारतीय जनता पार्टी और झारखंड फेडरेशन ऑफ चैंबर एंड इंडस्ट्रीज सहित कई संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसे जनता पर आर्थिक अत्याचार का प्रस्ताव करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार आम जनता, किसानों, छोटे दुकानदारों और उद्योग धंधों पर अतिरिक्त बोझ डालने पर आमादा है। प्रतुल ने कहा कि चुनावों में मुफ्त और सस्ती बिजली का वादा करने वाली सरकार अब जनता की जेब खाली करने में लगी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं से लेकर शहरी उपभोक्ताओं तक लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है, वहीं किसानों पर 60 प्रतिशत तक का बोझ डालने की कोशिश की जा रही है।

# चर्चित सीए नरेश केजरीवाल के 15 ठिकानों पर ईडी का छापा, 65 लाख नकद बरामद

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज रांची के चर्चित सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) (सीए) नरेश केजरीवाल के ठिकानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की यह कार्रवाई फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) के तहत की गई है। झारखंड में ईडी की एफईएमए के तहत की जाने वाली यह पहली छापेमारी है।

ईडी ने सुबह करीब छह बजे नरेश केजरीवाल और उनके पारिवारिक सदस्यों के रांची, मुंबई और सूरत के कुल 15 ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान 65 लाख रुपये





नकद और 55 लाख रुपये के सोना चांदी के सिक्के मिले हैं। जानकारी के मुताबिक, हवाला के सहारे पैसों को विदेश भेजने से संबंधित सबूत मिले हैं। छापेमारी के दौरान गिरधर केजरीवाल के ठिकानों से 30 लाख रुपये नकद मिले। अजय केजरीवाल के ठिकानों से 10 लाख रुपये और इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 25 लाख रुपये नकद मिले। इसके अलावा इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 55 लाख रुपये के सोना-चांदी के सिक्के मिले हैं। छापेमारी के दौरान मिली इन चीजों को जब्त कर लिया गया है। ईडी को इस बात के सबूत मिले थे कि हवाला के सहारे विदेशों में बनी शेल कंपनियों में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ आयकर विभाग की ओर से की गई छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर इस मामले में एफईएमए के तहत जांच शुरू की थी। ईडी को प्रारंभिक जांच में इस बात के साक्ष्य मिले हैं कि केजरीवाल ने नियमों का उल्लंखन कर विदेशों में धन निवेश किया है।

# देश की सीमा सुरक्षा होगी अभेद्य, एंटी ड्रोन टेक्नालॉजी से होगा दुश्मन पर वार

## तस्करी और घुसपैठ को रोकने के लिए बीएसएफ ने तैयार किया एक्शन प्लान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा सुरक्षा को अभेद्य बनाने का एक्शन प्लान तैयार किया है। पंजाब, राजस्थान, गुजरात तथा जम्मू क्षेत्र में तस्करी और घुसपैठ को रोकने के लिए एंट्री ड्रोन टेक्नालॉजी से बीएसएफ दुश्मन पर कड़ा वार करेगी। सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बॉर्डर पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। बीएसएफ वेस्टर्न कमांड चंडीगढ़ के एडीजी सतीश एस. खंडारे ने मंगलवार को चंडीगढ़ से सटे पंजाब के मोहाली में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बॉर्डर पर हर पोस्ट को सड़क के साथ जोड़ा जा रहा






है और एंटी टनल तकनीक, नाइट विजन कैमरा को रडार से जोड़ा जा रहा है। सीमा सुरक्षा मजबूत होने से न केवल राष्ट्र विरोधी वारदातों पर अंकुश लगेगा, बल्कि घुसपैठ और तस्करी भी रूकेगी।

मानसून सीजन के दौरान पंजाब में आई बाढ़ से कई जगह पर तारबंदी टूट गई थी, जिस पर बीएसएफ के जवानों ने बड़ी मुस्तैदी से काम किया और न केवल नई फैंसिंग लगाई, बल्कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री भी पहुंचाई। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण कई जगह पर फैंसिंग टूटने से राष्ट्र विरोधी तत्वों से इसका फायदा उठाकर सीमा पार से हथियार और ड्रग्स भेजे, लेकिन बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ सर्च आपरेशन चलाया और भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद किए। बीएसएफ के एडीजी सतीश एस खंडारे ने कहा कि पश्चिमी सीमा पर मुख्य रूप से ड्रोन से मादक पदार्थों और हथियारों की स्मगलिंग को रोका गया है। वर्ष 2025 में बीएसएफ ने 380 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और 200 से अधिक हथियारों की जब्ती की है। इसके अलावा 53 पाक घुसपैठिए/तस्कर पकड़े गए हैं। बीएसएफ के एडीजी सतीश एस खंडारे ने बताया कि आपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया। बीएसएफ ने दुश्मन के सर्विलांस सिस्टम को तबाह किया करने के साथ घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया। सीमा सुरक्षा बल ने निगरानी और संभावित हमलों के लिए इस्तेमाल होने वाले पाकिस्तानी ड्रोन का सक्रिय रूप से मुकाबला किया।

# फ्लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सर्दी के मौसम में होने वाले फ्लू को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों के जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों को अगले 15 दिनों के अंदर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र(एनसीडीसी)के विशेषज्ञ और आईडीएसपीटीम के साथ स्थिति की समीक्षा की। बैठक में एसीडीसी ने जानकारी दी कि इस समय देश में और दुनिया भर में फ्लू के मामलों में कोई असामान्य बढ़ोतरी नहीं दिखाई दे रही



है। जो वायरस फैल रहे हैं, वे पहले की तरह ही सामान्य मौसमी वायरस हैं जिनमें एच3एन2, इंफ्लुएंजा बी (विक्टोरिया) और थोड़े मामले एच1एन1 शामिल हैं। सरकार कई तरह की निगरानी प्रणालियों से फ्लू की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है, जैसे आईएलआईऔर एसएआरआई मामलों की मॉनिटरिंग, मीडिया स्कैनिंग सेएआई आधारित निगरानी।

# झारखंड में चक्रवाती तूफान दितवाह का प्रभाव हुआ खत्म, मौसम हुआ साफ

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** बंगाल की खाडी में उठा चक्रवाती तूफान दितवाह कमजोर पड गया है। इससे चक्रवाती तूफान का प्रभाव मंगलवार को समाप्त हो गया। इससे रांची सहित राज्या के सभी जिलों में मौसम पूरी तरह से साफ हो गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम साफ होने से रांची में तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई और सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई। हालांकि दोपहर में धूप में तल्खी महसूस की गई, लेकिन इसके बाद आसामन में आंशिक बादल छा गए। इससे कनकनी में पुनः वृद्धि हो गई। वहीं सुबह और देर रात में कुहासा छाया रहा।
इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोडडा में 27.3 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि रांची सहित राज्य के कई जिलों में आनेवाले दिनों में तडके सुबह और रात में मध्यम दर्जे का कुहासा छाया रहेगा।
उल्लेखनीय है कि चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते रांची सहित राज्य भर में मंगलवार को बादल छाये हुए थे। इससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी जो सामान्य तापमान से तीन डिग्री कम था। तापमान में कमी होने से दिन में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा था। वहीं मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री, जमशेदपुर में 20.3 और 13.2, डालटेनगंज में 27 और 10.5 डिग्री, बोकारो में 24.5 डिग्री और 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# सुखदेव नगर थाना प्रभारी और मुंशी सस्पेंड

**युवक की आत्महत्या मामले में की गई कार्रवाई**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार को एसएसपी राकेश रंजन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने थाने के मुंशी परशुराम को भी निलंबित कर दिया है। रांची आईजी मनोज कौशिक ने थानेदार और मुंशी के सस्पेंड होने की पुष्टि की है। गत 29 नवंबर को रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर 5 में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई थी। दरअसल, नितेश पांडेय नामक युवक जो रेलवे में कार्यरत था उसकी शनिवार को ही शादी थी, लेकिन इससे पहले ही किशोरगंज से रोड नंबर 05 स्थित नितेश पांडेय ने अपने ही कमरे में खुदकुशी कर ली। नितेश द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेवनगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया था। नितेश के भाई नीरज पांडेय ने बताया था कि 26 नवंबर को उसका तिलक था। इसी बीच प्रियंका नाम की एक लड़की ने उस पर यौन शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया। थाना से बिना किसी जांच के नितेश को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे छोड़ने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर दस लाख रुपये भी वसूले गए। नीरज पांडेय ने बताया कि थाने के मुंशी परशुराम कभी एक लाख तो कभी दो लाख की मांग करता था। कभी सिटी एसपी, तो कभी कोतवाली डीएसपी के नाम पर पैसे की मांग की जाती थी। थाने से छोड़ने के बावजूद आरोप लगाने वाली लड़की उसे बहुत परेशान कर रही थी, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के खुदकुशी करने के मामले में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गंभीर रुख अपनाया।

## संक्षिप्त

### प्रदेश कांग्रेस की कार्यसमिति बैठक में 14 दिसंबर को होने वाली रैली पर चर्चा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली प्रस्तावित रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने दावा किया कि झारखंड से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में शामिल होकर प्रदेश कांग्रेस की शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। वहीं कार्यसमिति की बैठक में आधे से ज्यादा पदाधिकारी नदारद रहे। बैठक में मंत्री दीपिका पांडे, तीनों कार्यकारी अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### राणाडीह गांव में हाथियों ने धान की फसल को किया नष्ट

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में सोमवार रात हाथियों के झुंड ने गांव के किसान महादेव महतो के खेत में रखा हुआ धान को मन भर खाया और नष्ट किया है।दो एकड़ से अधिक खेत में धान काट कर रखा हुआ था जिसको हाथियों ने नष्ट किया है। राणाडीह के मारांगबुरु पहाड़ के जंगल ओर हेसाडीह जंगल में हाथियों का झुंड डेरा जमाए हुए है। शाम होते ही गांव की ओर निकल पड़ते है। हाथियों के उत्पात से किसान मायूस है।

### शहीद घासीराम महतो की पुण्यतिथि मनाई गयी



**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत में शनिवार को झारखंड पुलिस के शहीद जवान घासीराम महतो का 19 वां पुण्यतिथि सम्मान के साथ मनाया गया। परिजनों और ग्रामीणों ने घासीराम महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मान के पुष्प अर्पित किये। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने कहा कि शहीद के सम्मान के लिये उनके सोच को गांव में स्थापित करना होगा। इस क्रम में थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, उप प्रमुख उमेश महतो, रंगबहादुर महतो,क्षेत्र मोहन महतो ,सुभाष महतो, विनोद महतो,अक्षय महतो, देवगुण महतो, राजेश महतो,माता सावनी देवी,पिता लक्ष्मण महतो,संजय महतो, रिंकू महतो,उषा देवी,नम्रता कुमारी, रीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने एना माइन्स प्रोजेक्ट का किया भ्रमण

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव सह राज्य के अतिथि डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा, चेयरमैन कोल इंडिया सनोज कुमार झा तथा डायरेक्टर पीएमओ पार्थिबन पी. ने मंगलवार की देर शाम धनबाद स्थित एना माइन्स प्रोजेक्ट का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने बेलगड़िया टाउनशिप में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पुनर्वास में विस्थापितों को उत्तम सुविधाए, विभिन्न योजनाओं का लाभ और उन्हें उनका अधिकार मिल सके, इसको लेकर कार्य किये जा रहें हैं, ताकि विस्थापितों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। इस दौरान प्रधान सचिव डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने विस्थापितों से भी बातचीत कर चल रहे कार्यों तथा समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही रोजगार, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग के प्रति टाउनशिप के विस्थापितों से अपेक्षा भी जानने का प्रयास किया, ताकि उन्हें अन्य रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा सके। मौके पर उपस्थित लोगों ने उन्हें 20 ई-रिक्शा वितरण को लेकर भी आभार प्रकट किया। माननीय प्रधान सचिव ने ई-रिक्शा पर बैठ कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रधान सचिव डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने उपायुक्त आदित्य रंजन को बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे विस्थापितों को बेहतर से बेहतर व्यवस्था, रोजगार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल के अलावा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## माइंस के अंदर रहस्यमयी मौत, परिजनों का हंगामा

**रांची।** धनबाद के भगाबांध थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुटकी पीबी एरिया में संचालित भागाबांध स्थित इगल दीप इंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी के माइंस परिसर में सोमवार की देर रात एक कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान तलगड़िया के सिंपुर, चंदनकियारी (जिला बोकारो) निवासी बबलू बाउरी के रूप में की गई है। वे रात्रि पाली में कोयला कटाई के कार्य पर तैनात थे। परिजनों के अनुसार, बबलू बाउरी रात लगभग तीन बजे पानी पीने के बाद बाथरूम गए थे, जहां अचानक गिरने से उनकी मौत हो गई। परिवार का कहना है कि शव के गले के पास एक निशान भी पाया गया है, जिससे मौत को लेकर संदेह और गहरा गया है। मृतक के बेटे अभिजीत बाउरी ने आरोप लगाया कि माइंस के अंदर उनकी मृत्यु कैसे हुई, इसका स्पष्ट जवाब कंपनी प्रबंधन नहीं दे पा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार सुबह परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कंपनी के मुख्य द्वार पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया।

## प्रशासन ने इटकी बाजार का किया मुआयना

**इटकी।** इटकी बाजार परिसर में लोगों द्वारा की गई अतिक्रमण का निरीक्षण सोमवार को स्थानीय प्रशासन ने की। सीओ मो० अनीश,



थाना प्रभारी मनीष कुमार और एएसआई विवेक दुबे सहित शस्त्र बल के साथ करीब दो बजे इटकी बाजार प्रांगण पहुंचे। इसके बाद बाजार में परिभ्रमण कर गुमटी, खोमचा और भवन निर्माण कर लोगों द्वारा की गई अतिक्रमण का अवलोकन किया। इस दौरान सीओ ने लोगों को हिदायत देते हुए चेताया कि बाजार में गलत तरीक अतिक्रमण करना बंद करें। इसके बावजूद अगर कोई बाजार परिसर में जबरण अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध न्याय संगत शख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बता दें पिछले छह अक्टूबर को आजसू के जिला सचिव मुतेर्जा आलम ने बाजार परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, राज्य सचिव,और जिला प्रशासन के अलावे सीओ को एक पत्र सौंपा था। इसी के आलोक में जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय अधिकारियों की टीम ने बाजार प्रांगण का निरीक्षण किया। इटकी बाजार गांव के बिचोबीच अवस्थित है। खाता संख्या 3, प्लाट 1112 , 1148 ,कुल रकबा 3 एकड़,14 डिसमिल क्षेत्रफल भूमि में फैला है ।

## दिवंगत लक्ष्मी देवी का नेगाचारि विधि से हुआ दशकर्म

**सिल्ली।** प्रखण्ड के बंसारुली पंचायत के धवाटिकरा गावं मे दिवंगत मो लक्ष्मी देवी (महतो) का नेगाचारि विधि से विधान से दसकर्म सम्पन्न हुआ।



उनके पोता रवि शंकर महतो, परमेश्वर महतो के द्वारा पालन करके कुडमी समाज के चारि गुरु आनंद काड़वार एवं छेदीलाल महतो के द्वारा बिधि विधान सम्पन्न कराया गया। समाज के पालन हारों को पिला गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। जिसमें समाज के अगवा प्रखण्ड अध्यक्ष जितेन्द्र महतो (अधिवक्ता), रांची जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र महतो, सिल्ली विधानसभा प्रभारी शशिरंजन महतो समेत अनेकों कुडमी समाज के लोग उपास्थित हुए।

## घूस लेने के आरोपी तत्कालीन राजस्वकर्मी की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** घूस लेने के आरोपी चान्हों अंचल के तत्कालीन राजस्वकर्मी बेंजामिन कुजूर को राहत नहीं मिली है। एसीबी की विशेष कोर्ट ने डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी है। आरोपी पर आरोप गठित होना है। इससे पूर्व बेंजामिन कुजूर ने खुद को निर्दोष बताते हुए 11 अगस्त को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया था।
घूस लेने का मामला 1 मार्च 2024 का है, जब जांच एजेंसी अउइ ने 7000 घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। पीड़िता सुनीता उरांव की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई की थी। सुनीता उरांव ने 6 फरवरी 2024 को 5 डिसमिल जमीन खरीदी थी, जिसका म्यूटेशन कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन चान्हों अंचल में दिया था। आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में राजस्वकर्मी बेंजामिन कुजूर ने सुनीता से 16 हजार रुपए की मांग की थी। जिसमें से 8500 रुपए ले लिए थे। बाकी बचे 7500 रुपए देने पर ही काम करने की बात कर रहे थे। जिसकी शिकायत एसीबी से की गई। एसीबी ने सत्यापन करने के बाद कार्रवाई करते हुए बेंजामिन कुजूर को गिरफ्तार किया था।

### माओवादी के सहयोगी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के क्षेत्रीय कमांडर रवींद्र गंझू के करीबी सहयोगी दशरथ सिंह खेरवार को राहत नहीं मिली है। एनआईए के विशेष कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी है। दशरथ खेरवार पर बुलबुल के जंगलों में इकट्ठा होकर बॉक्साइट माइंस एरिया में सिक्योरिटी फोर्स के खिलाफ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने, माओवादियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट और ठिकाना उपलब्ध कराने का आरोप है।

## मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी ओपी थाना क्षेत्र के जामटोला गांव में 25 वर्षीय युवक ने गांव के ही एक सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश मे आया है। । उसके बाद पुलिस ने सोमवार को गुनोधर महतो के पुत्र आरोपी भरत चंद्र महतो (25 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। जिसे मंगलवार को जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल के लिए रांची भेज दिया गया हैं। मामले की जानकारी देते हुए मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर की है युवक ने गांव के ही सात वर्षीय बच्ची को साथ दुष्कर्म किया है। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया। उन्होंने बताया कि बच्ची माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करने रांची गये थे लड़की अकेले घर पर थी ।तभी दोपहर को घर के समीप सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। देर शाम बच्ची के माता पिता घर पहुंचने। तभी बच्ची जोर-जोर से रोने लगी। की माता के द्वारा पूछताछ करने पर उन्होंने घटना संबंधित विस्तृत जानकारी दी। घटना बात सुनते ही मां की होश उड़ गए।

## अरुणुमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली के अरुणुमा माडर्न पब्लिक स्कूल में भक्ति वेदांत गुरुकुल आश्रम कूटाम के द्वारा एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्य सुबल दास प्रभु ने श्रीमद् भागवत गीता के आधार पर जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों और संस्कारों के महत्व पर एक विशेष व्याख्यान दिया। बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ भागवत गीता की जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षकों एवं बच्चों के बीच प्रेरणासत श्रोत भागवत गीता का भी वितरण किया गया। विद्यालय के संरक्षक रमण कुमार साहू एवं सुमन कुमार साहू ने भी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस तरह का कार्यक्रम आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा का भी बच्चों को ज्ञान होना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रशासनिक प्रो राधेश्याम साहु , प्राचार्य ममता सिंह के अतिरिक्त विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# सिल्ली महावीर चौक में गीता जयंती का भव्य आयोजन किया गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सिल्ली के लुपुंग महावीर चौक के समीप में सोमवार को गीता जयंती का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इस्कॉन अनुमोदित नामहट्ट संघ सिल्ली एवं स्मार्ट विलेज रेडीमेड वस्त्र की दुकान के संचालक के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में आसपास क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में नामहट्ट संघ के बल्लभ निताई दास उर्फ बुद्ध देव कुशवाहा ने प्रवचन करते हुए भगवद् गीता पाठ व भगवद् गीता के गंभीर संदेश श्रील प्रभुपाद के भगवद् गीता यथारूप के तात्पर्य की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह दिवस भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कुरूक्षेत्र के युद्धभूमि में अर्जुन को गीता का उपदेश देने की स्मृति में मनाया जाता है, जिसका आध्यात्मिक महत्व अत्यंत व्यापक है।
उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति को सुरक्षित रखने और राष्ट्र को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए घर-घर गीता का ज्ञान पहुंचाना आवश्यक है। देर शाम भजन कीर्तन के पश्चात महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्मार्ट विलेज के संचालक राजू गोराईं, लुपुंग पंचायत मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, पुण्यतम श्रीधर दास, मौसमी दत्त, तनु दत्त, तप पुण्य दास, सूर्यवंशी लक्ष्मन दास, पूर्णिमा दत्त, अमित राय समेत ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## बारेंदा पंचायत में डालसा ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**सोनाहातू।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में मंगलवार को सोनाहातू प्रखंड के बारेंदा पंचायत सचिवालय भवन में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा के पीएलवी कपिलदेव प्रसाद,रामेश्वर चौधरी, कुमारी इंदु देवी,अशिकराज महतो, रूपनारायण मुंडा, आदि मौजूद थे। डालसा की टीम ने लोगों को स्पॉनशर्सीप, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बाल विवाह, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, नशीली दवाओं का दुरूपयोग, नि:शुलक विधिक सहायता, लोक अदालत एवं प्री-लिटिगेशन के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नशा से धन और तन दोनों का नाश होता है। डायन बिसाही कानूनन अपराध है। अभिभावक अपने बच्चों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी,संविधान आर्टिकल 21 की जानकारी दिया गया। पीएलवी ,रामेश्वर चौधरी, कपिलदेव प्रसाद, इंदुबाला कुमारी ने डालसा के कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा की कानूनी जानकारी को बताया। लोगों को कैसे डालसा से मदद मिलता है उसकी जानकारी दिया गया। नालसा की योजना साथी, आशा , जागृति ओर डॉन की जानकारी दी। इस दौरान लोगों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया ।आगामी 13 दिसम्बर को जिला स्तर में होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की गई।

# लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर गुणवत्तायुक्त अनाज उपलब्ध कराएं : डीसी

## उपायुक्त ने 10 डीलरों को दिया 4जी ई-पॉस मशीन, ऑफलाइन मोड में भी करेगा काम

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी में डीलरों के बीच उपायुक्त (डीसी) मंजुनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में 10, फोर जी ई-पॉस (इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल) मशीनों का वितरण किया। यह ई-पॉस मशीन अब ऑफलाइन मोड में भी काम करेगा। नेटवर्क की समस्या होने के बावजूद अनाज वितरण कार्य प्रभावित नहीं होगा। प्रत्येक मशीन में बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध है। रियल-टाइम डाटा पोर्टल पर अपलोड होने से जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी संभव हो सकेगी। इससे संबंधित जानकारी देते हुए डीसी मंजुनाथ भजन्त्री ने कहा कि नवीनतम फोर जी ई-पॉस मशीन राशन डीलरों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत लाभुकों को पारदर्शी और त्रुटिरहित अनाज वितरण सुनिश्चित करने के उद्धेश्यध से दिया गया है। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी डीलरों से अपील किया कि वे इन मशीनों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर गुणवत्तायुक्त अनाज उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि रांची जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अंतिम छोर के लाभुक तक शत-प्रतिशत पारदर्शी तरीके से अनाज पहुंचे। फोर जी ई-पॉस मशीनें आधार प्रमाणीकरण, रियल-टाइम ट्रांजेक्शन एवं स्टॉक मॉनिटरिंग की सुविधा प्रदान करती हैं, जिससे फर्जीवाड़ा और अनाज चोरी की संभावना लगभग शून्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के शेष सभी डीलरों को भी ये आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। डीसी ने सभी डीलरों से अपील किया कि वे इन मशीनों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर गुणवत्तायुक्त अनाज उपलब्ध कराएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर तुरंत जिला आपूर्ति कार्यालय से संपर्क कर अविलंब समस्यार का निदान करें। मशीन वितरण कार्यक्रम में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, मोनी कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कई राशन डीलर मौजूद थे।

## मानव जीवन की हर समस्या का समाधान है गीता : दिव्यसानु

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से आयोजित गीता सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्य वक्ता के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ सिविल इंजीनियर दिव्यसानु पांडेय ने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में उन्होंयने कहा कि भगवद्गीता की उपयोगिता पर कहा कि गीता मानसिक अस्वस्थ व्यक्ति को स्वास्थ्य प्रदान करने वाला ग्रन्थ है। पांडेय ने कहा कि गीता मानव जीवन की हर समस्या का समाधान है। हर प्राणी को ज्ञान होना चाहिए कि सब कुछ ब्रह्ममय है, यही गीता का मुख्य ध्येय है। उपनिषद् और वेद को अलग करके देखना उचित नहीं है इनमें कोई भेद नहीं इसका ज्ञान बेहद जरूरी है।

# स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन चिन्हित करने और मशीन खरीद पर जोर

**अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दो दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 2 दिसंबर को उनके कक्ष में सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर विभाग के उप सचिव ध्रुव प्रसाद भी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य था 15वें वित्त आयोग की राशि से चिकित्सा उपकरणों की खरीद एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन के चिन्हितिकरण की प्रगति की समीक्षा।

बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने जिलावार जमीन चिन्हित करने की स्थिति पूछी। कई जिलों ने जमीन चिन्हित होने की जानकारी दी, जबकि कुछ जिलों में अभी प्रक्रिया लंबित पाई गई। इस पर उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी जमीन चिन्हित नहीं हुई है, उसे तत्काल चिन्हित कर अधिकतम दो दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।



साथ ही, उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि से अस्पतालों में आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सीएचसी-वार विस्तार से रिपोर्ट सौंपी जाए, जिसमें ईसीजी, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की वास्तविक जरूरत स्पष्ट रूप से बताई जाए। उन्होंने कहा कि जिलों में जरूरत के अनुसार मशीनें राज्य स्तर से खरीदी जाएंगी और भेजी जाएंगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य है, और किसी भी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

# रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में मना एनुअल स्पोर्ट्स डे

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल के कांटाटोली में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इसका आगाज विद्यालय के बच्चों के मार्च से प्रारम्भ हुआ। यह प्रतियोगिता इंटर हाउस कंपटीशन के रूप में था। प्रतियोगी में विद्यालय के सभी बच्चो ने भाग लिया। शिक्षकों द्वारा बच्चो को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। खेल भावनाओं को एक दूसरे से प्रतियोगिता में आगे निकल कर गोल प्राप्त करने की सिख दी गई। स्कूल के कक्षा प्री नर्सरी, नर्सरी, प्रेप, कक्षा 1, 2 और कक्षा 3 के सभी छात्रों ने हिस्सा लिया। स्पोर्ट्स डे प्रतियोगिता में कई तरह के आउटडोर गेम का आयोजन किया गया। इसमें मेढक रेस, बॉल बैलेंसिंग रेस, बलून बैलेंसिंग रेस, बुक बैलेंसिंग रेस, थ्री लेग्गेड रेस (तीन टांग दौड़), हर्डल रेस, और प्लेट रेस का आयोजन हुआ। आज कई प्री नर्सरी के छोटे छोटे बच्चों ने हिस्सा लिया था।




## संक्षिप्त

### युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठियो में सोमवार की रात आपसी विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर घटना में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 साल का अरशद अंसारी सोमवार रात अपने घर के पास बैठकर आग ताप रहा था। तभी बाइक से आए हथियारबंद बदमाशों ने अरशद को गोली मार दी। परिवार और आसपास के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने अरशद को मृत घोषित कर दिया। अरशद के भाई मो। जिलानी ने बताया कि अरशद पेंट-पुट्टी का काम करता था। जमीन विवाद से उसका दूर-दूर तक नाता नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### डॉ. हाजरा न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक में देंगे सेवा छात्र क्लब ने दी बधाई



**रांची।** छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट, छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने आज हरमू रोड स्थित न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर में देश के जाने-माने एक्यूपंक्चर स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र कुमार हाजरा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. हाजरा एम.डी. (एक्यूपंक्चर), पीएचडी (एक्यूपंक्चर, यू.एस.ए.) एवं सी. न्यूरो (लंदन) हैं और अब वे प्रतिदिन न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। शिव किशोर शर्मा ने कहा कि अब रांची व झारखंड के स्पाइन (रीढ़) के मरीजों को बाहर जाने या भटकने की जरूरत नहीं होगी। डॉ. हाजरा बिना चीर-फाड़ के उपचार में विशेषज्ञ हैं और अब तक अनेकों मरीजों को सफलतापूर्वक ठीक कर चुके हैं। डॉ. हाजरा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मरीजों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरा धर्म है। रीढ़ से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे लोग न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर में मुझसे संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर छात्र क्लब के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे और सभी ने डॉ. हाजरा को शुभकामनाएं दीं।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पैतृक मैपिंग करने वाले विस क्षेत्र के ईआरओ संग की बैठक**

# झारखंड के 1,61,55,740 मतदाताओं की मैपिंग सम्पन्न : के रवि कुमार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं की पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मैपिंग के क्रम में 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची में 12 लाख मतदाताओं को सूचीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची के मैपिंग के अन्य कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में कम पैतृक मैपिंग करने वाले विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ एवं सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद राज्य में अन्य राज्यों से आए मतदाता एवं जिन मतदाताओं की पिछली एसआईआर वाले मतदाता सूची से मैपिंग में कठिनाई आ रही है उनकी संबंधित राज्य के सीईओ वेबसाइट अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग करते हुए मैपिंग सुनिश्चित करें।



उन्होंने कहा कि कम परफॉर्मेंस वाले बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को चिन्हित करते हुए बैचवार ट्रेनिंग दें। इसके साथ ही मतदाताओं को भी पैतृक मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वैसे बीएलओ जो पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मतदाता का विवरण नहीं ढूंढ पा रहे वे अपने जिले मुख्यालय के हेल्पडेस्क मैनेजर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि बीएलओ को कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का आंकलन करते हुए उनकी सहायता करें, जिससे वे पैतृक मैपिंग के कार्य को आसानी से कर पाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मैपिंग करते समय (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची से भी मिलान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का पैतृक मैपिंग का कार्य को प्राथमिकता देते हुए करें। अधिक से अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के समय कम से कम मतदाताओं को दस्तावेज समर्पित करना पड़ेगा एवं प्रक्रिया में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे ध्यान में रखकर कार्य करें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखे प्रशासन : सुरेशचंद्र

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने लोहरदगा के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद्र को ज्ञापन भेजकर सन 1945 से मारवाड़ी समाज की ओर से संचालित खेमराज स्मृति भवन मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखने और इसे वंशजों के कब्जे से मुक्त कराकर समाज को वापस दिलाने की मांग की है। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने उपायुक्त को पत्र लिखकर इस बाबत कार्रवाई करने की मांग की है। सुरेश चंद्र ने बताया कि धर्मशाला दानदाताओं ने समाज को जनसेवा के उद्देश्य से दी गई थी और तब से यहां स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा, खेल, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर 2018 को वंशजों के पुत्रों ने जबरन धर्मशाला का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया और भवन पर लिखे सन 1945 और धर्मशाला जैसे ऐतिहासिक चिन्हों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामला कोर्ट में गया जहां 26 अगस्त 2021 को अनुमंडल पदाधिकारी ने मारवाड़ी समाज के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन विपक्ष ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी, जो विचाराधीन है। वहीं, नगर परिषद की ओर से धर्मशाला का नाम बदलने संबंधी विज्ञापन जारी किया गया है, जिसके विरोध में सम्मेलन ने रोक लगाने की मांग की है। संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि ज्ञापन की प्रतिलिपि नगर परिषद और अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता को भी भेजी गई है।



### अरशद हत्याकांड का खुलासा, दोस्त ही निकला कातिल




**रांची।** जिला पुलिस ने 12 घंटे के भीतर अरशद अंसारी हत्याकांड में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार की देर रात रांची के धुर्वा में अरशद अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात की गुत्थी को सुलझाते हुए रांची पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कांड में प्रयोग किए गए हथियार को भी बरामद कर लिया गया। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में अरशद अंसारी की गोली मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में यह बात सामने आई है कि मामूली विवाद और गाली-गलौज के बाद अरशद के दोस्त तौसीफ अंसारी ने ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी तौसीफ को गिरफ्तार कर लिया है। रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया की अरशद अंसारी हत्याकांड का रांची पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी तौसीफ को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी ने बताया कि आग तापने के दौरान ही अरसद और तौसीफ के बीच सोमवार की रात विवाद हो गया, विवाद बढ़ने पर तौसीफ ने पिस्तौल से गोली चलाकर अरशद अंसारी की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी ने हथियार को छिपाने की कोशिश की और उसे धुर्वा डैम के पास फेंक दिया, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया। जांच में यह भी सामने आया है कि अरशद अंसारी का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। वहीं मामले को लेकर सिटी एसपी ने बताया कि तौसीफ अंसारी द्वारा हत्या को अंजाम देने की पुष्टि हो चुकी है और घटना में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। फिलहाल प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गाली-गलौज और आपसी विवाद में ही हत्या हुई है।

### हेमंत सरकार का राजद और कांग्रेस से हो रहा अलगाव : जेपी

**रांची।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जेपी पांडेय ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार का अलगाव धीरे-धीरे राजदझकांग्रेस से हो रहा है। साथ ही सरकार का झुकाव केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से दिखाई दे रहा है। बिहार चुनाव 2025 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )को अपने सहयोगी दलों (कांग्रेसझराजद) से कोई ठोस लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव 2025 में राजद और कांग्रेस ने झामुमो को एक भी सीट नहीं दिया। इसके कारण इंडी गठबंधन में दरार उभरी है। उन्होंने अनुमान जताते हुए कहा कि आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में राजनीतिक नेतृत्व में परिवर्तन होने की संभावना है और राज्य में पुनः भाजपा की सरकार बनने की संभावना बढ़ती दिख रही है।

## एसएसपी ने कई थाना प्रभारियों को बदला, सुनील कुमार कुशवाहा बने सुखदेवनगर के नए थाना प्रभारी




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची एसएसपी राकेश रंजन ने जिले के कई थानों में फेरबदल करते हुए नए थाना प्रभारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। अधिकारियों के तबादले की इस सूची में शहर के महत्वपूर्ण थाने भी शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार सुखदेवनगर थाना की कमान अब सुनील कुमार कुशवाहा संभालेंगे। वहीं हिंदपीढ़ी थाना का नया प्रभार रंजीत कुमार सिन्हा को दिया गया है। टाटीसिलवे थाना में हंसे उरांव को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अनगड़ा अंचल के लिए रविन्द्र सिंह को सर्किल इंस्पेक्टर बनाया गया है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस-2025 मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के क्वॉयर समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित समावेशी फुटबॉल मैच ने पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। मार्च-पास्ट ने प्रतिभागियों की दृढ़ता, एकता और तालमेल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।



मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य वातावरण तैयार करने, उन्हें गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में सहानुभूति, संवेदनशीलता और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं व्यक्तियों के प्रति सम्मान का विकास शिक्षा का मूल उद्देश्य है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रत्येक व्यक्ति समान स्वीकार्यता और अवसर का अधिकारी हैं। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या (दीपशिखा) सुश्री गोपिका आनंद के धन्यवाद और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# तनाव-सहिष्णु, जैव-संवर्धित किस्मों का विकास समय की मांग : डॉ एसएस चहल

**बीएयू की 45वीं रबी अनुसंधान परिषद की बैठक**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति डॉ एसएस चहल ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि वे पानी का कुशल उपयोग करने वाली, ऊष्मा तनाव-सहिष्णु, उच्च पोषक तत्वों वाली जैव-संवर्धित फसल किस्मों के विकास पर काम करें, ताकि राज्य और देश में पोषण सुरक्षा की चुनौतियों का सामना किया जा सके। देश अब खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़ चुका है। शोध को दलहन, तिलहन, सब्जियां, फल और मसालों जैसी उच्च गुणवत्ता व उच्च उपयोगिता वाली फसलों पर केंद्रित करने की आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय बढ़ सके। डॉ चहल मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) की 45वीं रबी अनुसंधान परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं और समस्याओं पर आधारित तथा प्रणाली-संवेदनशील शोध की आवश्यकता है, जो व्यावहारिक, और क्षेत्र के किसानों के लिए स्वीकार्य हो। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि झारखंड में बीज प्रतिस्थापन दर मुश्किल से 15-20 प्रतिशत है, जबकि पंजाब और हरियाणा में यह 60-70 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीएयू, केवीके और राज्य सरकार की मशीनरी को गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन हेतु एकजुट होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि वे राष्ट्रीय बीज विधेयक में सुधार के लिए अपने सुझाव दें, जो 8 दिसंबर तक सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है और वर्तमान संसद सत्र में पेश किया जा सकता है। झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विशेष सचिव गोपालजी तिवारी ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि राज्य की कृषि को उत्पादन-केंद्रित के बजाय आय-केंद्रित बनाया जाए, क्योंकि झारखंड में कृषक परिवार की औसत आय राष्ट्रीय औसत की लगभग 50 प्रतिशत ही है। कृषि अनुसंधान एवं विकास दृष्टिकोण सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य, आर्थिक रूप से अनुकूल और राजनीतिक रूप से न्यायोचित होना चाहिए। केवीके वैज्ञानिकों को विशेष फसलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए गांवों के समूह विकसित करने चाहिए, जिससे उन जिलों की पहचान बन सके; राज्य सरकार ऐसे प्रस्तावों को जमीन पर लाने के लिए हर संभव सहायता देगी।



# कौशल प्रतियोगिता-सह -प्रदर्शनी में 59 विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

**प्रतियोगिता में 10 अलग-अलग ट्रेड में लगभग 350 बच्चों ने मॉडल का किया प्रदर्शन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जिले के 59 सरकारी उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न 10 ट्रेडों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वर्ग 9 से 12 वीं के विभिन्न ट्रेड में अध्ययनरत बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) रांची के सभागार में मंगलवार को किया गया।

इस प्रतियोगिता में 10 अलग-अलग ट्रेड में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने ट्रेड में मॉडल का प्रदर्शन किया। कई बच्चों ने साइबर सिक्योरिटी और एप डेवलप करने का भी प्रदर्शन किया। कई बच्चों की ओर से रिटेल मैनेजमेंट और अपेरीयल डिजाइनिंग में भी अलग-अलग मॉडल प्रदर्शित किया गया।



मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार की ओर से प्रतियोगिता में बच्चों की ओर से निर्मित मॉडल का अवलोकन किया और बच्चों का मार्गदर्शन किया गया एवं पारितोषिक दिया गया। जिला स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन में प्रभाग प्रभारी सतीश कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार और जिला स्तर पर कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं 10 ट्रेड के विजेता बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चे 23 दिसंबर को राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी बच्चों को बधाई और सफलता का टिप्स दिया गया ताकि वह आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकें। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी बच्चों को नई-नई सोच के लिए प्रेरित किया और अगली प्रदर्शनी में अपने आसपास के कठिनाइयों के समाधान के लिए नए प्रोजेक्ट तैयार करने पर बल दिया।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा को ट्रस्ट ने की आर्थिक सहायता

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा, जिन्होंने देश और राज्य का नाम खेल जगत में गौरवान्वित किया है, को मंगलवार को मां वैष्णवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ट्रस्ट द्वारा दिव्यानी को 5100 की मदद उनके आवास पर जाकर सौंपी गई। मां वैष्णवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ए.के. तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी तथा जितेंद्र कुमार अंबष्ट ने दिव्यानी से मुलाकात कर यह सहयोग राशि प्रदान की। ट्रस्ट के सदस्यों ने दिव्यानी के संघर्षों को सराहते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाओं को समाज और संस्थाओं का सहयोग मिलना अत्यंत आवश्यक है।



दिव्यानी लिंडा के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कठिन है। पिता का देहांत हो चुका है, जबकि उनकी मां मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। उनका एक भाई लंबे समय से बीमार है। परिवार एक जर्जर घर में रहता है और अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद दिव्यानी ने अपने जुनून, मेहनत और संघर्ष के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि जब ऐसी होनहार खिलाड़ियों की ओर शासन-प्रशासन का पर्याप्त ध्यान नहीं जाता, तो समाज और सामाजिक संस्थाओं को आगे बढ़कर उनकी मदद करनी चाहिए।

# जिला गव्य विकास कार्यालय ने दुधारू पशु मेला का किया आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत जिला गव्य विकास कार्यालय ने स्थानीय कार्यालय परिसर सोनपुरवा में दुधारू पशु मेला/शिविर का आयोजन किया। उक्त मेले में विभिन्न पशु आपूर्तिकताओं के लाये दुधारू पशुओं को लाभुकों ने पसंद करते हुए क्रय किया। इसका वितरण लाभुकों के बीच उपायुक्त दिनेश यादव ने किया। उक्त पशु मेला में दो गाय की योजना के तहत 14 लाभुकों को लाभांवित किया गया। पांच गाय और दस गाय की योजना के तहत 1-1 लाभुक को लाभांवित किया गया। प्रखंड कांडी के एक लाभुक को गाय की बीमा पॉलिसी बॉन्ड तय की गई। एक अन्य लाभुक का बीमा क्लेम की स्वीकृति राशि का पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त ने पशु मेला के दौरान लाभान्वित होने वाले लाभुकों को बधाई दी। इस अवसर का लाभ उठाने और अपने दुधारु पशु का ध्यान अच्छे से रखने की बात कही।




उक्त पशु मेला/शिविर में जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे, जिला गव्य विकास पदाधिकारी गिरीश कुमार समेत विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

# सामाजिक बुराईयां, अंधविश्वास जैसे डायन-प्रथा आदि पर जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** समाज में व्याप्त कुरीतियाँ, सामाजिक बुराईयाँ, अंधविश्वास जैसे डायन-प्रथा आदि पर जागरूकता लाने के लिये सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत हाटगम्हरिया प्रखंड के आमाडिया पंचायत अंतर्गत टोला पटालोवा में आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा किया गया। डायन-प्रथा,आंतरिक कुरीतियाँ, सामाजिक बुराईयाँ तथा अंधविश्वास के नाम पर हो रहे विवाद एवं अपराधिक घटनाओं पर ग्रामीणों के सामने कई उदाहरण प्रस्तुत किया गया । इस तरह के अंधविश्वास और कुरीतियों को मिटाने के प्रयास में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम, प्रदेश सचिव गलाय चातोम्बा, जिला कमिटि के सदस्य सिकंदर तिरिया आदि ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और सभी ने इस मामले में विभिन्न स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिये जोर डाला ।इस मामले पर अत्याचार,शोषण एवं केस मुकदमा से बचाव की दिशा में नेशनल आदिवासी रिवाईवल एसोशिएसन और सिंगी एण्ड सिंगी सोसाईटी की ओर से जनजागरूकता के लिये पम्पलेट और हैंण्डविल बाँटा गया।

## संक्षिप्त

### कांड्रा थाना का वार्षिक निरीक्षण, लंबित मामलों में तेजी और जवाबदेही पर जोर

**सरायकेला/कांड्रा।** मंगलवार को एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने वार्षिक निरीक्षण के तहत कांड्रा थाना का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन, मालखाना, रिकॉर्ड रजिस्टर, केस डायरी, शस्त्रागार और परिसर की स्वच्छता का बारीकी से मूल्यांकन किया। एसडीपीओ ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए बीट प्रणाली को और मजबूत बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ पुलिस का व्यवहार बेहतर और संवेदनशील होना चाहिए। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहते हुए ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही से बचने की सख्त चेतावनी दी। निरीक्षण प्रक्रिया में प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी भी शामिल रहीं। इस दौरान कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। हालांकि प्रशासन की यह नियमित निगरानी महत्वपूर्ण है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये कदम सिर्फ औपचारिकता तक सीमित रह जाएंगे या फिर लंबित मामलों के निपटारे और जनता के अनुभव में वास्तविक सुधार दिखेगा। स्वच्छता व दस्तावेज व्यवस्था से आगे बढ़ते हुए, सुरक्षा और शिकायतों के समाधान में भी ठोस पहल की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### पत्नी के हत्यारे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला।** टोटो थाना क्षेत्र के नवाटोली ग्राम में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से सिर में वारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्यारे पति संजय उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या के आरोपी की बहन सुशीला देवी ने बताया कि मंगलवार को मृतिका सरोज उरांव (39) अपने विक्षिप्त पति संदीप उरांव का इलाज करने के लिए गांव के एक वैद के पास ले गई थी। वहां से वापस आने के बाद सरोज उरांव में खाना निकाल रही थी। इस बीच संदीप उरांव घर से भागने लगा। सरोज उरांव उसे आधे दूर से पकड़ कर घर लाई। फिर दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर आक्रोशित होकर पति ने घर में रखे कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर प्रहार किया। पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# झारखंड की राजकीय मछली देशी मांगुर की है बहुत खूबी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** झारखंड सरकार ने देशी मांगुर को राज्य की राजकीय मछली घोषित किया है। किसी भी राज्य में राजकीय मछली घोषित करने का मुख्य उद्देश्य उस चयनित मछली की जनसंख्या में वृद्धि करना और उनका संरक्षण करना है। जैव विवधता के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से वर्ष 2006 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लखनऊ स्थित राष्ट्रीय मत्स्य आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो ने राजकीय मछली की अवधारणा लायी। अब तक 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने इस अवधारणा को अपनाते हुए अपने-अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के अंतर्गत राजकीय मछली घोषित किया है।

राष्ट्रीय मत्स्य आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो के अनुसार किसी भी राज्य की राजकीय मछली घोषित करने के लिए चयनित मछली का उपयोग खाद्य/सजावट/संरक्षण के दृष्टिकोण से उपयुक्त होना, उसका क्षेत्रीय अथवा सांस्कृतिक महत्त्व एवं चयनित मछली प्रजाति का बीज उत्पादन की तकनीक अथवा तकनीकी विकास कार्यक्रम सुनिश्चित होना आवश्यक है।

झारखंड के परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्धता, औषधीय गुण और अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों की श्रेणी में सूचीबद्ध होने के कारण देशी मांगुर को राज्य का राजकीय मछली घोषित किया गया है। यह बिहार की भी राजकीय मछली है। देशी मांगुर मछली मैदानी इलाकों के मीठे और खारे पानी के स्त्रोतों में मुख्य रूप से स्थिर और कीचड़ वाले पानी के स्त्रोतों जैसे तालाब, गड्ढ़े और दलदल आदि में पायी जाती है। यह सवार्हारी मछली है जो कीड़े-मकौड़े, कीड़े-मकौड़े के लार्वा, छोटेझबड़े क्रस्टेशियंस, छोटी मछलियां और सड़े-गले मलबे अथवा कार्बनिक पदार्थ एवं तालाब के तल पर उगे शैवाल और छोटे पौधों का सेवन करती है। यह मछली अपने औषधीय गुणों के कारण महत्वपूर्ण है। राजकीय मछली के रूप में घोषित किए जाने के बाद अब इसके संरक्षण, संवर्धन और सतत प्रबंधन के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं, जनजागरुकता कार्यक्रमों और वैज्ञानिक संस्थानों के सहयोग से विशेष पहल की जाएगी। देशी मांगुर के प्राकृतिक आवासों की रक्षा, कृत्रिम प्रजनन तकनीकों के विकास, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन और मत्स्य किसानों के प्रशिक्षण के लिए भी विस्तृत कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। राजकीय मछली घोषित होने से इसे कानूनी और प्रशासनिक समर्थन प्राप्त होगा।

## पागर विद्यालय में 570 विद्यार्थियों को मिला सोलर पावर्ड लैंप



**हजारीबाग।** उत्क्रनमित उच्च विद्यालय, पागर परिसर में सोलर पैनल और सोलर पावर्ड लैंप का वितरण 2 दिसंबर को किया गया। यह कार्यक्रम सीडी-सीएसआर पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका नेतृत्व सीबीसीएमपी के एचओपी नवीन गुप्ता ने किया। इस पहल के तहत 570 विद्यार्थियों को सोलर पैनल एवं सोलर पावर्ड लैंप प्रदान किए गए। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों की अध्ययन सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह अभियान स्थानीय समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नवाचारपूर्ण ऊर्जा समाधानों के उपयोग की जरूरत पर बल दिया। कहा कि सोलर पावर जैसी हरित ऊर्जा न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखती है, बल्कि ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों के लिए पढ़ाई को भी अधिक सुगम बनाती है। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय प्रशासन, सीडी-सीएसआर टीम, सभी सहयोगी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## मीडिया टैलेंट हंट सिर्फ एक अभियान नहीं , बल्कि कांग्रेस की वैचारिक विरासत को एक नई दिशा देने का प्रयास है : अख्तर अली

**चाईबासा ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय व्यापी कार्यक्रम मीडिया टैलेंट हंट चल रहा है। इसके माध्यम से सामान्य कार्यकर्ता को भी राष्ट्रीय स्तर का प्रवक्ता बनाया जायेगा । मीडिया टैलेंट हंट में इंटरव्यू के आधार पर सभी स्तर का प्रवक्ता नियुक्त किये जायेंगे. उक्त बातें मीडिया टैलेंट हंट कोल्हान प्रमंडल के समन्वयक अख्तर अली ने मंगलवार को कांग्रेस भवन , चाईबासा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने आगे ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसी व्यवस्था बनायी है, जिसके तहत सामान्य कार्यकर्ता भी क्यूआर कोड में गूगल फॉर्म अथवा ऑफ लाईन फॉर्म भरकर मीडिया टैलेंट हंट के लिए आवेदन कर सकते है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि पांच दिसंबर है। फॉर्म कांग्रेस भवन,चाईबासा के कार्यालय सचिव के पास उपलब्ध है , इच्छुक लोग फॉर्म लेकर आवेदन कर सकते है। इसी कार्यक्रम से ही सभी स्तर के प्रवक्ता चुने जायेंगें। इसके लिए ज्यूरी टीम भी बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि जिन्हें कांग्रेस पार्टी के इतिहास, पार्टी की विचारधारा और तर्क के साथ डिबेट करने की क्षमता होगी, उन्हें ही पार्टी प्रवक्ता नियुक्त करेगी। इसके लिए निष्पक्ष होकर कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। कांग्रेस नये और टैलेंटेड लोगों को आगे लायेगी, ताकि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। कांग्रेस का प्रयास है कि प०सिंहभूम जिला से योग्य, प्रतिभाशाली और समर्पित युवा इस प्रक्रिया से जुड़ें । प्रेस वार्ता में प्रदेश सचिव अशरफुल होदा, जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय, जिला महासचिव मासुम रजा, जिला सोशल मीडिया चेयरमैन रवि कच्छप, शिवकर बोयपाई , महमूद अली , मुस्ताक आलम, अबुल खालिक, सुनील कुमार, सुशील दास आदि उपस्थित थे।




## पहले लाइफपाथ-एचएलएल स्किल्स एंड करियर सेंटर का उद्घाटन

**चाईबासा।** मंगलवार को, एचएलएल ने अपना पहला लाइफपाथ एचएलएल स्किल्स एंड करियर सेंटर मातकमहातू, महुल साई रोड, चाईबासा, झारखंड में उद्घाटित किया। इस केंद्र का उद्घाटन झारखंड सरकार के माननीय राजस्व, भू-अभिलेख, पंजीकरण एवं परिवहन मंत्री तथा चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दीपक बिरुआ द्वारा किया गया। यह अवसर युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एचएलएल की यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एस. के. मीणा, डीडीसी चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम ने अपने विचार साझा किए। सिविल सर्जन डॉ. सुषांतो माझी ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व और लाभों की जानकारी दी। एचएलएल की टीम श्री विशाल सॉनी (डीजीएम) के नेतृत्व में, प्रो. योगेश कुमार, श्रीमती प्रणिता बैश्य (सीनियर मैनेजर) और श्री गौरव नेहरू (मैनेजर) भी इस भव्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# झारखंड में शराब महंगे होने से बिक्री पर असर, सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ी राजस्व हानि

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** झारखंड में हाल ही में लागू हुई नई शराब नीति का असर अब साफ देखने को मिल रहा है। शराब के दाम बढ़ने से सीमावर्ती इलाकों-गुवा, बड़ाजामदा, किरीबुरू सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित झारखंड के शराब दुकानों की बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। पैसों की बचत के लिए लोग बड़ी संख्या में पड़ोसी राज्य ओडिशा से शराब खरीद रहे हैं, जिससे राज्य सरकार को राजस्व नुकसान झेलना पड़ रहा है। क्या है मामला नई नीति के तहत झारखंड में शराब की दरें पड़ोसी राज्यों की तुलना में काफी बढ़ गई हैं। उदाहरण के तौर पर, झारखंड में जिसकी एक बोतल की कीमत 800 रुपये है, वही ब्रांड ओडिशा में 640 रुपये में उपलब्ध है। इस 160 रुपये के अंतर के कारण उपभोक्ता सीमावर्ती क्षेत्रों से ओडिशा जाकर शराब की खरीदारी कर रहे हैं। परिणामस्वरूप झारखंड के दुकानों की बिक्री 30 से 40 प्रतिशत तक प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि यदि यह स्थिति जारी रही तो झारखंड में शराब कारोबार का बड़ा हिस्सा ओडिशा शिफ्ट हो जाएगा और सरकार का करोड़ों रुपये का राजस्व प्रभावित होगा। कई दुकानदारों ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए दरों में पुनर्विचार की मांग की है ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध खरीद-बिक्री और राजस्व हानि दोनों पर रोक लग सके।

# जनता दरबार में लोगों ने अपनी समस्याएं बताई

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी। आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। मौके पर जिला प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग ओम प्रियदर्शी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# विधायक निसात आलम के निर्देश पर लगा जनता दरबार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। यह जनता दरबार विधायक मोहतरमा निसात आलम के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया, जिसमें विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्युत, पेयजल, सड़क निर्माण, आवास, पेंशन, मइया सम्मान योजना, राजस्व से जुड़े मामलों, जन्म प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। पेशपुर के ग्रामीणों ने ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाइन कराने की लगाई गुहार रूपेशपुर ग्राम के कई ग्रामीणों ने विधायक कक्ष पहुंचकर ऑफलाइन बने जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाइन कराने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि ऑफलाइन प्रमाण पत्र होने के कारण बच्चों के नामांकन, सरकारी योजनाओं एवं अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। इस पर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है और किसी भी पात्र लाभुक को दस्तावेजी त्रुटियों के कारण योजनाओं एवं सेवाओं से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने तत्काल संबंधित विभागीय कर्मियों से दूरभाष पर संपर्क कर रूपेशपुर के इन प्रमाण पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन अपडेट कराने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि ह्वसभी संबंधित परिवारों को सही और वैध प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इस मामले का समाधान निश्चित रूप से जल्द कराया जाएगा। अनीता हेमाराम ने भू-माफी के लिए आवेदन दिया। स्थानीय निवासी अनीता हेमाराम ने भूमि विवाद एवं दस्तावेजों के निस्तारण हेतु भू-माफी के लिए आवेदन दिया। मामले पर पहल करते हुए विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने विभागीय अधिकारियों से बात कर नियम के अनुसार जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## तांतनगर मॉडल स्कूल के 100 बेड छात्रावास निर्माण में करोड़ों का बंदरबांट

# ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही उजागर : धी. रामहरि पेरियार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** तंतनगर, एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धी. रामहरि पेरियार ने तांतनगर प्रखंड स्थित मॉडल स्कूल के 100-बेड छात्रावास का स्थलीय निरीक्षण कर चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं। इस छात्रावास को दिसंबर 2025 तक पूर्ण रूप से बनकर स्कूल प्रबंधन को हैंडओवर हो जाना चाहिए था, लेकिन वास्तविकता यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद काम अधूरा, लापरवाही चरम पर और जिम्मेदार विभाग मौन है। निरीक्षण में पाया गया कि भवन का बड़ा हिस्सा अधूरा पड़ा है ।निर्माणाधीन हिस्सों पर महीनों से कोई काम नहीं हो रहा। जहां छात्रों की रौनक होनी चाहिए थी, वहाँ सिर्फ टूटी दीवारें, उखड़ी प्लास्टरिंग, धूल, जर्जर ढांचा और रुका हुआ निर्माण दिखाई देता है। ठेकेदार और विभागीय अधिकारी, दोनों की तरफ से पूर्ण चुप्पी और गैर-जवाबदेही। प्रदेश अध्यक्ष पेरियार ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से जनता के पैसों की खुली लूट, शिक्षा व्यवस्था का मजाक और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। करोड़ों रुपये भुगतान के बाद भी हैंडओवर नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि परियोजना को जानबूझकर रसातल में धकेला जा रहा है।



उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21अ (शिक्षा का अधिकार) और मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन है। छात्रों को सुरक्षित, सक्षम और पूर्ण अवसंरचना उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन का संवैधानिक दायित्व है। लेकिन यहाँ ठेकेदारों की मनमानी और विभाग की निष्क्रियता ने पूरे प्रोजेक्ट को बबार्दी की ओर धकेल दिया है। धी. पेरियार ने उपायुक्त चंदन कुमार को एक्स (ट्विटर) पर टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की माँग की है। उन्होंने कहा कि परियोजना का तकनीकी ऑडिट कराया जाए। सभी बिल भुगतान और ठेकेदारी अनुमोदन की जाँच हो। अधूरे निर्माण और बजट व्यय में गंभीर अनियमितताओं पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। ज़िम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह बनाकर कार्रवाई की समय सीमा घोषित की जाए। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा जनता के पैसे की लूट, छात्रों के भविष्य की बबार्दी और विभागीय उदासीनता को एंटी करप्शन ऑफ इंडिया किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं होती है, तो हम जनहित में बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान, जन-अधिकार मार्च और कानूनी कार्यवाही शुरू करेंगे।

# 32वीं एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग, 2025-26 फ्रेंड्स क्लब को पराजित कर एसआर रूंगटा ग्रुप फाईनल में

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एस आर रूंगटा बी-डिविजन लीग के दूसरे सेमीफाईनल मैच में एस आर रुंगटा ग्रुप ने फ्रेंडस क्लब चाईबासा को एक रोमांचक मुकाबले में मात्र तीन विकेट से पराजित कर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। अब फाईनल में एस आर रुंगटा ग्रुप का मुकाबला जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब से कल बुधवार 3 दिसंबर को खेला जाएगा। ज्ञातव्य हो कि एस आर रूंगटा ग्रुप की टीम लगातार दूसरी बार फाईनल में पहूँची है। गत बर्ष भी एस आर रूंगटा ग्रुप की टीम शाह स्पोर्ट्स अकादमी चक्रधरपुर को पराजित कर फाईनल में पहूँची थी पर फाईनल में स्टूडेंट क्लब चाईबासा से पराजय का सामना करना पड़ा और टीम उपविजेता बन ए-डिवीजन में पहूँचने से वंचित रह गई थी। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के सेमीफाईनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस क्लब चाईबासा ने निर्धारित तीस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 242 रनों का स्कोर खड़ा किया। पारी की शुरूआत करने आए विकेटकीपर बल्लेबाज शिवम पटेल ने बारह चौके एवं दो छक्के की सहायता से 80 रनों की आकर्षक पारी खेली।

## विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से बातचीत की

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने डॉ एपीजे कलाम कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान युग में कंप्यूटर की महत्ता और उस पर निर्भरता से इंकार नहीं किया जा सकता है। आज सभी कार्य कंप्यूटर से जुड़ चुके हैं। जिन छात्र-छात्राओं ने इस विषय को चुना है, वे अपना भविष्य बेहतर कार्पोरेट सेक्टर में बना रहे हैं। सरकारी विभागों में अधिकतर कार्य कंप्यूटर पर हो रहे हैं और कई विभागों द्वारा दस्तावेजों को डिजिटाइज कर दिया गया हैं। यह सभी कंप्यूटर से ही संभव हो सका है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा वर्ष 2023 में लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रारंभ की गई थी, जो काफी सफल रहा है। यहां से लगातार बच्चे जुड़ रहे हैं और कंप्यूटर का बेसिक कोर्स पूरा कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा इसी तरह होमी जे भाभा कोचिंग सेंटर में मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की भी तैयारी निःशुल्क करायी जाती है। माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में शामिल होनेवाले छात्र-छात्राओं को भी रोस्टर के अनुसार गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय की प्रतिदिन ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था दी जा रही है। प्रखंड स्तर पर पुस्तकालयों में अध्ययन के लिए पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी हैं। इसी तरह पंचायत ज्ञान केंद्र में भी बच्चों के अध्ययन की व्यवस्था है। तो इस प्रकार जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में यहां के छात्र-छात्राओं के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। आज इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, कम्प्यूटर प्रशिक्षक समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कोटमा की आदिवासी परहिया बस्ती में गर्म कपड़ों का वितरण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** आइये खुशियां बांटें अभियान के तहत मेराल प्रखंड के दूरस्थ गांव कोटमा की आदिवासी परहिया बस्ती में बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गजनों तक गर्म कपड़ें बांटे गए। यह बस्ती जंगल और पहाड़ी से घिरी हुई है। अभियान के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों को गर्म कपड़े, टोपी, मोजे जैसी सामग्री दी गई। युवाओं के लिए स्वेटर, जैकेट, हुडी और अन्य ऊनी कपड़े उपलब्ध कराये गये। वहीं बुजुर्गजनों और महिलाओं को कंबल, ऊनी वस्त्र आदि प्रदान किये गये। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि आइये खुशियां बांटें अभियान का उद्देश्य केवल वस्तुएं देना नहीं, बल्कि समाज के उपेक्षित और दूरस्थ वर्गों तक संवेदना, सम्मान और मानवीय सहयोग की गर्माहट पहुँचाना है। यह पहल प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की साझेदारी से और मजबूत बनती जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह अभियान 28 फरवरी तक प्रतिदिन चलाया जाएगा, जिसमें गढ़वा अनुमंडल के विभिन्न गांवों, टोले-बस्तियों, आदिवासी इलाकों और जरुरतमंद परिवारों तक गर्म कपड़ों के अलावा बच्चों के लिए पठन-पाठन की वस्तुएं एवं सामग्री भी पहुंचाई जाएगी।

### संक्षिप्त

#### होमगार्ड जवान की पत्नी ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला स्थित खूंटपानी प्रखंड के पंड्राशाली गांव की रानी कुई (42) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। यह घटना सोमवार की है। मृतका के पति सीराम पूर्ति, जो होमगार्ड में कार्यरत हैं और गुवा में तैनात हैं, ने बताया कि घटना के वक्त वह अपने माता-पिता के घर बड़ा टोला गए थे। उसी समय उनके दोनों बच्चे ( 12 और 13 वर्षीय) स्कूल में थे और रानी कुई घर में अकेली थीं। इसी दौरान उन्होंने कथित रूप से फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। स्कूल से लौटे बच्चों ने अपनी मां को फंदे से लटका देखा और तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। इसके बाद ग्राम मुण्डा ने पंड्राशाली ओपी को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पति सीराम ने बताया कि रानी कुई का मानसिक संतुलन कुछ समय से ठीक नहीं था और वह एक विद्यालय में रसोईया के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने कहा कि घर में किसी प्रकार का विवाद या मनमुटाव नहीं था। हालांकि ग्रामीणों ने आत्महत्या और किसी साजिश को लेकर शंका व्यक्त की है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और मामले का उद्भेदन जल्द कर लिया जाएगा।

#### कतरास में भूमिगत आग से जहरीली गैस का तेज रिसाव, ग्रामीणों में दहशत

**धनबाद।** धनबाद के कतरास स्थित बीसीसीएल एरिया-4 अंतर्गत अंगारपथरा स्थित बंद पड़े माँ अम्बे आउटसोर्सिंग के समीप मंगलवार को अचानक भूमिगत आग से जहरीली गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया। लगातार उठ रहे काले, घने और तीखी दुर्गंध वाले धुएं ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। पूरे क्षेत्र में धुआं फैलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह से धुंध की मोटी परत छाई छाई है। कई घरों के भीतर तक धुआं भर जाने से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। आंखों में जलन, खांसी और घुटन जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। लोगों में इस स्थिति को लेकर भय और आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भूमिगत आग का दायरा और बढ़ा तो पूरा इलाका गंभीर खतरे में पड़ सकता है।

# खोनहर मंदिर परिसर में 21 फरवरी को सामूहिक विवाह

**जानकी सामूहिक विवाह फाउंडेशन ने की तैयारी पूरी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जानकी सामूहिक विवाह फाउंडेशन 21 फरवरी, 2026 को खोनहर मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 21 बेटियों की शादी कराई जाएगी। यह आयोजन ना केवल सामाजिक कुप्रथाओं पर प्रहार करेगा, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर एक नई उम्मीद भी जगाएगा। मंगलवार को जिला परिषद स्थित फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय में फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव कुमार दुबे ने मीडिया को कार्यक्रम की तैयारी और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई बेटियां दहेज, गरीबी और कुप्रथाओं के कारण विवाह से वंचित रह जाती हैं। इन्हीं परिवारों की पीड़ा को समझते हुए फाउंडेशन ने यह अभियान शुरू किया है। श्री दुबे ने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों को इस सामूहिक विवाह में सम्मिलित किया जा रहा है। सभी जोड़ों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शादी से जुड़ी औपचारिकताओं और रजिस्ट्रेशन के लिए संस्था ने पूरी तरह ऑनलाइन व्यवस्था की है, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से जुड़े परिवार बिना किसी परेशानी के प्रक्रिया पूरी कर सकें। अध्यक्ष दुबे ने कहा की जानकी सामूहिक विवाह फाउंडेशन लगातार दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ जन-जागरुकता फैला रहा है। हमारा लक्ष्य समाज को इन बुराइयों से मुक्त करना और हर बेटी को सम्मान देना है। इसी दिशा में सामूहिक विवाह समारोह महत्वपूर्ण कदम है।

## 85 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवती सहित चार गिरफ्तार



**गुमला।** एसपी हारिश बिन जमां के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में बिशनपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 85 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक कार में सवार चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। एचडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने यह जानकारी मंगलवार को मीडिया को दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बिशनपुर में एक कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 85 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। इसकी बाजार कीमत 4 लाख 60 हजार रुपए आंकी जा रही है। गिरफ्तार लोगों में डीएसपी रोड निवासी 22 वर्षीय शिवा कुमार साहू, राजा कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय रोजामत अंसारी, मुरली बगीचा निवासी 22 वर्षीय दीपक चिक बड़ाईक और कोरबा, छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय वर्षा रानी भगत शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर और न्यायिक हिरासत में लेते हुए गुमला जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने उक्त आरोपियों के पास से ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा चार मोबाइल फोन, 61 हजार रुपए नकद और कार जब्त की है। एसडीपीओ ने बताया कि ये सभी डाल्टेनगंज से ब्राउन शुगर खरीदकर गुमला आ रहे थे। उक्त कार में शादी का स्टिकर लगाकर गुमला आ रहे थे, ताकि पुलिस को उनपर शक नहीं हो।

## जनता दरबार में लोगों ने अपनी समस्याएं बताई

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा।
अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी। आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। मौके पर जिला प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग ओम प्रियदर्शी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने तीन बच्चियों के दत्तक ग्रहण का आदेश पारित किया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि देवघर जिला अंतर्गत अनाथ बच्चों को गोद लेने को इच्छुकक दंपत्[ द को जिला प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। इस क्रम में दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के प्रावधानों के तहत सभी आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए उपायुक्त द्वारा तीन बच्चियों के दत्तक ग्रहण का अंतिम आदेश पारित किया गया। इस आदेश के परिणामस्वरूप अनाथ एवं परित्यक्त बच्चों को एक स्नेहिल परिवार (माता - पिता) मिल गया। उपायुक्त ने अपील की कि ऐसे दंपति जो बच्चे को गोद लेना चाहते हैं, वे आगे आए ताकि इन बच्चों को भी समाज के मुख्यधारा से जोड़ते हुए बेहतर भविष्य, बेहतर शिक्षा एवं बेहतर कल प्रदान किया जा सके। ज्ञात हो कि दो भारतीय और एक विदेशी दंपति ने बच्चियों को गोद लिया है।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर डीडीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**गुमला।** जिला समाहरणालय में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से नागरिक उपस्थित हुए। अपनी समस्याओं एवं आवेदन विवरणों को उप विकास आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, म्यूटेशन एवं राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन से संबंधित मामलों, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य लाभुक योजनाओं से संबंधित आवेदन, श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मुद्दे, धोखाधड़ी एवं पारिवारिक विवाद, पैन, राशन कार्ड एवं आधार लिंकिंग संबंधी समस्याएं और स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अवरोध एवं सुविधा उपलब्धता संबंधी आवेदन शामिल रहे। उप विकास आयुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना। संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का कानूनी प्रावधानों एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि गंभीर एवं लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए।

## ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत, मुआवजा देगी कंपनी

**बोकारो।** बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में हुए हादसे में मजदूर आशुतोष कुमार (25) की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। आशुतोष पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्यरत था। हादसे के बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से सिवान (बिहार) का निवासी था और बालीडीह की झोपड़ी कॉलोनी में रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री परिसर में स्थानीय लोगों और मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। मजदूरों ने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन और स्थानीय नेताओं के बीच वार्ता हुई। इस दौरान मृतक के पिता को 13 लाख रुपये का मुआवजा देने पर सहमति बनी।

## एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित नुक्कड़ नाटक में एसएसएलएनटी कॉलेज की छात्राओं ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों पर जागरूकता फैलाते हुए दमदार प्रस्तुति दी। नाटक में घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे सामाजिक मुद्दों को प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने यह भी बताया कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता और जागरूकता ही महिला सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। नुक्कड़ नाटक का नेतृत्व कर रहीं कॉलेज की शिक्षिका डॉ सुजाता सिंह और छात्रा आरती कुमारी ने कहा कि प्रस्तुति के दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न कानूनों को भी दशार्या गया, ताकि वे अत्याचार का सामना करने पर कानूनी अधिकारों का उपयोग कर सकें और न्याय के लिए मजबूती से खड़ी हो सकें। उन्होंने कहा कि नाटक के माध्यम से समाज को यह संदेश देने की कोशिश की गई कि महिलाओं का सम्मान करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

## शहरी क्षेत्र में पथों की तकनीकी जांच करने के आदेश

**वित्तीय वर्ष में पूर्ण करें पथ निर्माण व मरम्मत की योजनाएं**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में मंगलवार को विभिन्न विभागों के पथ की योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन योजनाओं में मरम्मत की आवश्यकता है या पथ निर्माण की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा लेकर प्रस्ताव सरकार को भेजा जाए। जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उसके भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए। योजनाएं चयन करते समय दूसरे विभाग की योजना की डुप्लीकेसी ना हो यह जांच लें। पूरे जिला भर में विभिन्न विभागों के पथों का मैप गूगल पर उपलब्ध कराने का निदेश दिया। बैठक में ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, ग्रामीण कार्य प्रमंडल अंतर्गत पीएमजीएसाई, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़िकरण, पीएमजनमन समेत अन्य योजनाओं, एनएचएआइ अंतर्गत भूमि अधिग्रहण के मामले, एनएच अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ में जोगना में उच्च स्तरीय पुल निर्माण, पथ प्रमण्डल लोहरदगा अंतर्गत नदिया-ईरगांव पथ निर्माण की योजना आदि की समीक्षा की। कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ और पथ प्रमंडल को शहरी क्षेत्र में पथों की तकनीकी जांच करने का आदेश दिया गया। आज इस अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक/कनीय अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने बिरसानगर में 24 लाख की योजनाओं का किया उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को बिरसानगर के विभिन्न इलाकों में लगभग 24 लाख रुपये की विकास योजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया। इनमें हरि मंदिर (जोन नंबर-5) में रोड एवं नाली निर्माण, जोन नंबर-4 में सड़क मरम्मतीकरण, जोन नंबर-1 में इंडियन गैस गोदाम के सामने सड़क मरम्मतीकरण, जोन नंबर-1 बी में जयदीप डे के घर से अशोक खामरूई के घर तक तथा मनीराम के घर से ईचागुटू के घर तक नाली निर्माण, साथ ही जोन नंबर-2 ए में मुकेश के घर से शर्मा के घर तक सड़क निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शामिल रहीं। उद्घाटन के मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की भी जानकारी ली। वहीं, स्थानीय लोगों ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना की। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में जनसुविधाओं को मजबूत करने हेतु विकास कार्यों को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है।

## संपादकीय

### शराब की लुभावनी पैकेजिंग

**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा हाल ही में शराब की पैकेजिंग पर की गई कड़ी टिप्पणी केवल एक कानूनी हस्तक्षेप नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने बिल्कुल सही कहा है कि शराब को आकर्षक, चमकीली और फैशनेबल पैकेजिंग में प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के साथ खुला खिलवाड़ है। चमकदार बोतलें, रंगीन बॉक्स, विदेशी डिजाइन और ग्लैमरस पैकिंग-ये सब केवल बाजार की तरकीबें नहीं, बल्कि शराब को एक आकर्षक जीवनशैली के प्रतीक की तरह स्थापित करने का खतरनाक प्रयास हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह पैकेजिंग युवा वर्ग, खासकर किशोरों और महिलाओं को लक्षित करके तैयार की जाती है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में शराब बेचना, या उसे किसी सॉफ्ट ड्रिंक जैसा दिखाना, उपभोक्ता को भ्रमित करने और नशे की ओर धकेलने की गहरी साजिश है। यह न केवल व्यापारिक अनैतिकता है, बल्कि जन-स्वास्थ्य के साथ आपराधिक खिलवाड़ भी है। जब देश पहले से ही शराब से होने वाली बीमारियों, हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा हो, तब शराब को फैशन के रूप में प्रस्तुत करना समाज पर दोहरा हमला है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और सफलता का प्रतीक बनाकर युवाओं के मन में यह भ्रम पैदा कर दिया है कि शराब पीना एक स्टाइलिश जीवनशैली का हिस्सा है। यह सोच न केवल खतरनाक है, बल्कि समाज की बुनियाद को ही कमजोर करती है। शराब के दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं-लिवर सिरोसिस, कैंसर, हृदय रोग, रक्तचाप की समस्या, मानसिक असंतुलन और नींद संबंधी विकार, ये सब शराब सेवन की देन हैं। शराब से होने वाली सड़क दुर्घटनाएं हर साल हजारों परिवारों को उजाड़ देती हैं। ऐसे में पैकेजिंग के जरिए शराब की हकीकत को छिपाना और चेतावनियों को किनारे कर देना स्वास्थ्य नीतियों की भावना के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप यह संकेत देता है कि अब समय आ गया है जब सरकार और समाज दोनों को मिलकर शराब कंपनियों की भ्रामक और आक्रामक बाजार रणनीतियों पर लगाम लगानी होगी।

# अवसाद की छाया में घिरता जा रहा बचपन

**अमित बैजनाथ गर्ग**

देश में बच्चों और किशोरों से संबंधित आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं कई सवालों पर सोचने के लिए मजबूर करती हैं। सबसे पहला सवाल तो यह है कि आखिर बच्चे इस तरह का जानलेवा कदम उठाने को क्यों मजबूर हो रहे हैं? दूसरा, हम अपने बच्चों को कैसी शिक्षा व्यवस्था और परिवेश में ढाल रहे हैं। तीसरा और सबसे अहम सवाल है कि आखिर बच्चे मानसिक रूप से इतने कमजोर क्यों हो रहे हैं? ये सभी पहलू आपस में एक-दूसरे से गहरे तक जुड़े हुए हैं। असल में आज के दौर में बच्चे मानसिक स्वास्थ्य विकार और अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में आत्महत्या के प्रयास अक्सर आवेगपूर्ण होते हैं। ये प्रयास उदासी, भ्रम, क्रोध और अति सक्रियता संबंधी समस्याओं से जुड़े हो सकते हैं। उन पर पढ़ाई और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन का दबाव भी बना रहता है। यह दबाव इतना गहरा हो जाता है कि वे अवसाद का शिकार हो जाते हैं और पढ़ाई का बोझ सहन नहीं कर पाते। यह कहना गलत नहीं होगा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था और आसपास का माहौल नौनिहालों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। पिछले दिनों जयपुर के एक स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा ने विद्यालय भवन की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद मध्य प्रदेश के रीवा में एक स्कूली छात्रा ने खुदकुशी कर ली थी। इसी तरह दिल्ली के एक स्कूल के छात्र ने मेट्रो प्लेटफार्म से कूदकर अपनी जान दे दी। इस तरह की घटनाएं समाज को झकझोर देने वाली हैं। सवाल है कि इन विद्यार्थियों के मन में पनपती पीड़ा को आखिर कोई क्यों नहीं समझ पाया, जो उनकी मौत का कारण बन गया। दरअसल, बच्चों से लेकर युवाओं तक में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार, 15 से 24 वर्ष की आयु के किशोरों और वयस्कों में आत्महत्या मृत्यु का एक बड़ा कारण है। खुदकुशी के प्रयास तनाव, आत्म-संदेह, सफलता का दबाव, वित्तीय अनिश्चितता, निराशा और नुकसान की भावनाओं से जुड़े हो सकते हैं। इसके अलावा, स्कूल में शिक्षकों या सहपाठियों का अनुचित व्यवहार, पारिवारिक कलह, हिंसा के संपर्क में आना, आवेगशीलता, आक्रामकता, अस्वीकृति और लाचारी की भावनाएं भी आत्महत्या के विचार को गहरा कर सकती हैं।

मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, अगर थोड़ी सी सतर्कता बरती जाए तो बच्चों और किशोरों की कुछ खास अभिव्यक्तियों से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके भीतर आत्महत्या के विचार पनप रहे हैं। जैसे- वे अक्सर खुद को नुकसान पहुंचाने वाली टिप्पणियां कर सकते हैं या किसी छोटी-सी बात पर अचानक आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इसके अलावा चेतावनी के अन्य संकेतों में खाने या सोने की आदतों में बदलाव, उदास मन, दोस्तों-परिवार और नियमित गतिविधियों से दूरी तथा शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता में गिरावट देखी जा सकती है।



> *आत्महत्या के बारे में सोचने वाले भविष्य की योजना बनाने या उसके संबंध में बात करना भी बंद कर सकते हैं। असल में अवसाद और आत्महत्या की भावनाएं मानसिक विकार हैं, जिनका इलाज संभव है। बच्चे या किशोर की बीमारी की पहचान कर उचित उपचार किया जा सकता है। अक्सर देखा गया है कि आत्महत्या के बारे में बात करने में लोग असहज महसूस करते हैं। हालांकि अपने बच्चों से यह पूछना मददगार हो सकता है कि क्या वह अवसादग्रस्त है या आत्महत्या के बारे में सोच रहा है। इस तरह के प्रश्न बच्चे को यह आश्वासन दे सकते हैं कि कोई उसकी परवाह करता है और ऐसे में बच्चे अपनी समस्याओं के बारे में खुल कर बात कर सकते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी भी एक बड़ी समस्या है। असल में आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में माता-पिता अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। कामकाजी परिवारों में यह समस्या सबसे ज्यादा है, जहां एकल परिवारों में पति और पत्नी दोनों काम कर रहे हैं। ऐसे परिवारों के बच्चों में अवसाद सबसे ज्यादा घर कर रहा है। इन बच्चों को लगता है कि माता-पिता के पास उनके लिए समय नहीं है। ये बच्चे अपने मन की बात किससे कहें? मनोचिकित्सकों का मानना है कि आजकल छोटे बच्चे भी अवसाद और चिंता का शिकार हो रहे हैं।*

आत्महत्या के बारे में सोचने वाले भविष्य की योजना बनाने या उसके संबंध में बात करना भी बंद कर सकते हैं। असल में अवसाद और आत्महत्या की भावनाएं मानसिक विकार हैं, जिनका इलाज संभव है। बच्चे या किशोर की बीमारी की पहचान कर उचित उपचार किया जा सकता है। अक्सर देखा गया है कि आत्महत्या के बारे में बात करने में लोग असहज महसूस करते हैं। हालांकि अपने बच्चों से यह पूछना मददगार हो सकता है कि क्या वह अवसादग्रस्त है या आत्महत्या के बारे में सोच रहा है। इस तरह के प्रश्न बच्चे को यह आश्वासन दे सकते हैं कि कोई उसकी परवाह करता है और ऐसे में बच्चे अपनी समस्याओं के बारे में खुल कर बात कर सकते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी भी एक बड़ी समस्या है। असल में आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में माता-पिता अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। कामकाजी परिवारों में यह समस्या सबसे ज्यादा है, जहां एकल परिवारों में पति और पत्नी दोनों काम कर रहे हैं। ऐसे परिवारों के बच्चों में अवसाद सबसे ज्यादा घर कर रहा है। इन बच्चों को लगता है कि माता-पिता के पास उनके लिए समय नहीं है। ये बच्चे अपने मन की बात किससे कहें? मनोचिकित्सकों का मानना है कि आजकल छोटे बच्चे भी अवसाद और चिंता का शिकार हो रहे हैं। इसकी दो बड़ी वजह हैं। पहली, बच्चों को लगता है कि दुनिया में उनका कोई नहीं है, उनकी किसी को परवाह नहीं है। दूसरी, उन पर पढ़ाई का बोझ सबसे ज्यादा है। बेहतर प्रदर्शन की दौड़ में पिछड़ने का डर उनके मन में इस कदर बैठा दिया गया है कि वे किताबों से आगे कुछ सोच ही नहीं पाते।

राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2022 में देश में 13,044 बच्चों ने आत्महत्या की। इन मामलों में 2,248 विद्यार्थियों ने परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर यह कदम उठाया। वहीं एनसीआरबी के वर्ष 2001 के आंकड़े के मुताबिक, देश भर में 5,425 बच्चों ने आत्महत्या की थी। ये आंकड़े बताते हैं कि विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाओं में कितनी तेजी से इजाफा हो रहा है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, देश में अवसाद से जूझ रहे 40 से 90 फीसद किशोर कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। वे मानसिक चुनौतियां की वजह से मादक पदार्थों का सेवन तक करने लगते हैं। आइसीएमआर का सर्वेक्षण बताता है कि देश में बारह से तेरह फीसद विद्यार्थी मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। द लांसेटइ पत्रिका का एक अध्ययन बताता है कि दुनिया का हर बारह में से एक बच्चा कभी न कभी आत्महत्या के विचार अपने मन में लाता है। अवसाद, चिंता, अकेलापन और दोस्तों या घर-परिवार से किसी तरह का समर्थन नहीं मिलने के कारण बच्चों में आत्महत्या के विचार पनपने लगते हैं। बच्चों के काम करने के तरीके, उनके व्यवहार में आ रहा बदलाव, उनकी खामोशी या फिर गुस्सा और चिड़चिड़ापन जैसी व्यवहारगत आदतें सबसे पहले माता-पिता को पता चलती हैं, इसलिए उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है। इसके अलावा स्कूल में शिक्षकों और दोस्तों को भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आत्महत्या के विचार या योजना बनाने वाले बच्चे या किशोर को तुरंत किसी अच्छे मनोचिकित्सक के पास ले जाकर उपचार किया जा सकता है।

बच्चों और किशोरों की आत्महत्या की घटनाएं बढ़ना न केवल हमारी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल है, बल्कि हमारे घर-परिवार और समाज की उदासीनता एवं लापरवाही को भी उजागर करता है। आखिर क्यों हम अपने बच्चों को समझ नहीं पा रहे हैं? क्यों हम उनके मन को पढ़ नहीं पा रहे हैं? चूक कहां हो रही है? इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि कहीं हमने पैसे कमाने की होड़ में अपने बच्चों को अकेले घुटने के लिए तो नहीं छोड़ दिया है? पढ़ाई में अव्वल आने की दौड़ में उन्हें जीवन जीने या यों कहिए कि बचपन से दूर तो नहीं कर दिया है? हमें सोचना होगा कि आखिर जिंदगी बड़ी है या किताबी सफलता। सवाल बहुत हैं, जिनके जवाब हम सबको मिलकर तलाशने होंगे, ताकि बच्चों और किशोरों के जीवन को सुरक्षित और खुशहाल बनाया जा सके।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# पार्टियों में हो रहा है धरती-आसमान हिला देने वाला शोर

**घनश्याम कुमार देवांश**

कला का रिश्ता संगीत से है और विध्वंस का शोर से। और जब त्योहारों और पारिवारिक उत्सवों में संगीत के स्थान पर शोर कब्जा कर ले, तब इसमें क्या शक रह जाता है कि कला के ऊपर विध्वंस हावी हो चुका है। हमारे आसपास और दूरदराज की दुनिया इसका उदाहरण बन चुकी है। पिछले चार दशकों के दौरान यह दुनिया तेजी से बदली है। मनुष्य ने अपने जीवन से कलात्मक संघर्ष के सारे अवसर समाप्त कर दिए हैं। दिवाली के दीये पूरी रात नहीं जलते रह सकते थे। उनका होना अंधेरे के प्रतीकात्मक रूप से जूझ कर दिखाना भर था। उस रोशनी में एक सुकून से भरा एक आनंद था, लेकिन स्वीकार्यता भी थी। यह स्वीकार्यता कहती थी कि हार मानना भी नहीं है और हार को पचा जाना भी सीखना है। मनुष्य के भीतर का यह बोध उसे एक तरफ तो अहंकार से बचाता था और दूसरी ओर उसी अंधेरे की बांह में सिमटकर चैन की नींद सो जाना भी सिखाता था। मनुष्य अंधेरे से जितना डरता और घबराता था, उतने भर की रोशनी भी जुगाड़ कर लेता था, लेकिन कालांतर में उसने अंधेरे को जीत लेने का प्रण ठान लिया।

दिवाली और आसपास के सब त्योहार बीत जाने पर भी बिजली की लडि?ां बालकनी में लटकी दिप-दिप करती दिख जाती हैं। कई जगहों पर भयानक विराट उजाले में भी उन्हें न जाने किससे लड? को छोड़ा गया है। कभी एक कतरा अंधेरा किसी कोने से दबा-छिपा गुजरता भी होगा, तो व्यंग्य भरी मुस्कान के साथ कहता होगा कि 'रहो भाई, तुम्हीं रहो, हम तो चले पातालइ। मनुष्य शायद भूल गया कि जिसे जीतना था, वह तो अपने भीतर का भय, आतंक और अहंकार



रूपी अंधेरा था, लेकिन वह तो उल्टे कई-कई गुना बढ़ गया। हुआ यह कि बाहर का भौतिक अंधेरा धरती और आसमान दोनों से मिट गया। जिस चांद और तारों से भरे आसमान को देखकर मनुष्य के भीतर कलात्मकता का सागर उमड़ता था, अब वह आसमान धूल में नहाया हुआ और कई बार खीझा हुआ दिखाई पड़ता है।

पवित्र हिमालय की श्वेत चादर हमारे कीचड़ सने पैरों से मैली हो चुकी है। आसमान भी कुछ ऐसी ही कीचड़ से भरी टूटी-फूटी गली जैसा दिखाई देता है। यों भी, उधर अब देखता ही कौन है? क्या हम रोशनी का अनुपात भूल गए? आखिर कितनी रोशनी चाहिए हमें जिंदा रहने के लिए? क्या उसकी कोई सीमा नहीं? इतनी रोशनी बढ़ गई है कि अब वह वक्त दूर नहीं जब लोग, खासकर शहरों में रहने वाले लोग, अंधकार के अधिकार के लिए कोर्ट-कचहरी करते नजर आएंगे। यह एक कल्पनात्मक स्थिति है, लेकिन प्रकृति के उतार-चढ़ावों को समझने लिए किसी सिरे की तो जरूरत होगी! इस अपार रोशनी के शोर ने हमारी चेतना को बहरा कर दिया है। क्या हमने कभी उन पार्टियों में शिरकत की है, जहां नीम अंधेरे में संगीत का भयानक शोर मानव शरीर को कंपायमान कर देता है? गजब बात यह कि इसे भी संगीत कहा जाता है, लेकिन हर वह चीज जिसमें गति और लय होती है, क्या वह मनुष्य के जीवन के लिए कल्याणकारी है?

अगर ऐसा है तो क्या हम शिव के तांडव की कामना करना चाहेंगे? नहीं, क्योंकि वह संगीत विध्वंस और संहार का है। वह मनुष्य के लिए नहीं। हर व्यक्ति यह समझने के लिए मनोवैज्ञानिक नहीं हो सकता, लेकिन बारूद से उपजते शोर और प्रकाश को मनुष्य ने कब और कैसे अपने उत्सव और आनंद से जोड़ लिया, यह मनोवैज्ञानिक शोध का विषय है। हमारे पूर्वजों ने उत्सवों को नृत्य और संगीत से जोड़ा, कलात्मक सृजन से जोड़कर भूमि और भित्तियों को सजाने से जोड़ा, अन्न और अग्नि के संबंध को बनाकर सुस्वादु रसों की निष्पत्ति से जोड़ा, मन और शरीर दोनों के शुद्धिकरण और सौंदर्यीकरण से जोड़ा, एक दूसरे के प्रति क्षमाभाव से जोड़कर सामाजिकता को मजबूत करने से जोड़ा! और आज हम उत्सव की सात्विकता को शोर और चकाचौंध के किस दलदल में धकेल आए हैं, जहां या तो मानवीय सौंदर्यबोध का विनाश है या फिर सामाजिक दायित्वबोध का। क्या अब हमने उत्सव के दिनों में स्वार्थ और बेवकूफी की पट्टी नहीं बांध ली है और ऊपर से वह शोर भी हावी कर लिया है, जहां किसी जीव की आंखों में जलता हुआ धुआं भी देखने के लिए हम अयोग्य साबित हो चुके हैं। उत्सवों को हमने शोषण और दोहन का अवसर बना दिया है। ये सामाजिक हाशियाकरण के औजार बन गए हैं। प्रदर्शन और अहंकार इसके नए स्थापित आयाम हैं। अपार शोर और बाजार के विराट स्वरूप के नीचे, बल्कि बहुत नीचे संवेदना, कलात्मकता और आनंद की धारा लुप्त हो गई है। इस त्रिवेणी पर उत्सव का आयोजन तो बड़ा भारी है, लेकिन जल की एक बूंद भी नहीं है। आज कबीर होते, तो इस बात पर रो देते। वे अपनी जलती हुई लुकाठी लेकर इन मुर्दों की भीड़ को खदेड़ देते और अपने हाथों से त्रिवेणी की मिट्टी को तब तक कुरदते, जब तक उन्हें वहां सोई हुई सरिता नहीं मिल जाती। वे इस उत्सव की त्रिवेणी को फिर से चांदी से चमकते जल से भर देते, जिसमें मनुष्य अपना मुख धोकर चैतन्य हो पाता। तो कबीर कहां हैं? क्या हम सबको अपने भीतर झांक कर नहीं देखना चाहिए!

**- लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**3 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2025 वर्ष का 337 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 12.26 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 18.00 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 16.57 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 12.26 बजे तदनन्तर गर 22.34 बजे को समाप्त।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.29 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मकर | 09.34 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.20 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 12.53 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.24 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.15 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.31 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.43 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | तुला | 02.54 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.09 ब.से |

**चन्द्रायु** 12.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 06'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872547
**जूलियन दिन** 2461012.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 11

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8695

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | | 8 | | | | |
| | 9 | | 10 | | | | 11 | |
| 12 | | 13 | | | | 14 | | |
| 15 | | | | | 16 | | 17 | |
| | | 18 | | | | 19 | | |
| 20 | | | | | 21 | | | |
| | | | | 22 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

**शब्द पहेली -8694 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | दा | चा | र | | स | त | ल | ज |
| ल | | य | ती | म | खा | ना | | हा |
| प | र | | | दा | | | चा | ल |
| ना | च | | क | री | ब | | ल | त |
| | ना | च | ना | | ला | ल | च | |
| आ | का | | त | ह | त | | ल | क |
| रा | र | | | सी | | | न | या |
| ध | | न | वी | न | त | म | | म |
| ना | म | व | र | | क | रा | मा | त |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7632** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7631 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## अभिनेत्री दीया मिर्जा ने मां के जन्मदिन पर लिखा दिल छू लेने वाला पोस्ट



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीया मिर्जा ने भले ही अपने करियर में चुनिंदा फिल्में की हों, लेकिन उन्होंने उन फिल्मों से अपने प्रशंसकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। शनिवार को उन्होंने अपनी मां का जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर उनकी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने एक बहुत ही प्यारा और भावुक संदेश शेयर कर अपनी मां को दुनिया की सबसे अच्छी मां, सबसे प्यारी नानी और सबसे दयालु इंसान बताया। अभिनेत्री ने लिखा, 'जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं मां। आप मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सहारा और सुरक्षित ठिकाना हैं। आपने मुझे हमेशा सिखाया है कि असली प्यार क्या होता है और उसे अपने व्यवहार में कैसे लेकर आएं। आप सबसे अच्छी मां, बच्चों की सबसे प्यारी नानी और एक ऐसी इंसान हैं, जो किसी को भी अपना दोस्त बना सकती हैं। अभिनेत्री ने अपनी मां की खूबियों की तारीफ करते हुए लिखा, 'आप हर चीज को प्यार, धैर्य और नरमी से रखती हैं। वहीं आपने मुझे सिखाया है कि देखभाल करना भी एक सुपरपावर है। आपका जीवन दया की सीख है, हंसी एक दवा जैसी है और आपका साथ घर जैसा रहता है। उन्होंने अपनी मां के लिए कामना करते हुए लिखा, 'ईश्वर करे कि ये साल आपके जीवन में खुशहाली लेकर आए। आज आपका दिन हस्ते और ढेर सारी बातें करते हुए गुजरे और हां, आज मैं आपका जन्मदिन मना रही हूं। सच कहूं तो मैं हर दिन ईश्वर से आपके लिए दुआ मांगती हूं। हैप्पी बर्थडे मम्मा! '

अभिनेत्री की पोस्ट देख फैंस और उनके साथी कलाकारों को काफी पसंद आ रही है। सब उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री विपाशा बासु ने कमेंट सेक्शन पर लिखा, 'जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामानाएं आंटी। '

## सनी देओल के रिश्तेदार बनेंगे दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह!


**दरअसल** दीपिका की बहन अनीशा पादुकोण लंबे वक्त से करण देओल (सनी देओल के बेटे) की पत्नी दिशा आचार्य के भाई रोहन आचार्य को डेट कर रही हैं। सुनने में आया है कि जल्द ही रोहन और अनीशा शादी के बंधन में बंध सकते हैं।मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा भी किया जा रहा है कि अनीशा और रोहन की सगाई हो चुकी है। रोहन आचार्य के इंस्टाग्राम अकाउंट को दीपिका और रणवीर सिंह फॉलो करते हैं। इससे पता चलता है कि वह काफी समय से एक-दूसरे के जानकार हैं। अनीशा और रोहन आचार्य की सगाई की बात भी सामने आ रही है। लेकिन इसकी ऑफिशियल अनाउसमेंट परिवार ने अब तक नहीं की है। फिल्मी परिवारों से कनेक्शन होने के बावजूद अनीशा और रोहन आचार्य अलग-अलग फील्ड में एक्टिव हैं। दीपिका पादुकोण की बहन अनीशा एक प्रोफेशनल गोल्फर हैं। साथ ही वह दीपिका के ट्रस्ट लीव लव लाफ के लिए भी काम करती हैं। रोहन आचार्य की बात करें तो वह दुबई की एक कंपनी में पार्टनर हैं।

# कल्ट क्लासिक फिल्म 'पड़ोसन' ने पूरे किए 57 साल

**कल्ट** क्लासिक फिल्म 'पड़ोसन' हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा पसंद की गई फिल्मों में से एक है। हास्य और रोमांस को पर्दे पर दिखाती इस फिल्म ने 57 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म में सायरा बानों की अदाकारी और किशोर कुमार, महमूद और सुनीत दत्त की कॉमेडी ने फैंस का दिल जीत लिया था।

फिल्म को बीते साल पर्दे पर रि-रिलीज भी किया गया था और फिल्म को फर्स्ट डे रिलीज जैसा ही रिस्पांस मिला। राजश्री फिल्म प्रोडक्शन ने फिल्म के 57 साल पूरे होने की खुशी में प्यारा सा पोस्ट डाला है और फिल्म के चार आइकॉनिक किरदार को याद किया है, जिसमें किशोर कुमार, महमूद, सुनीत दत्त और सायरा बानो को शामिल किया है। फिल्म में

### बिंदू का किरदार निभाने से सायरा बानो ने किया था इनकार




और कई कलाकार थे, जिन्होंने फिल्म को पर्दे पर हिट कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिल्म 'पड़ोसन' की गिनती अपने समय की क्लासिक कल्ट फिल्मों में होती है।

फिल्म में एक साथ चार बड़े चेहरों को शामिल किया गया। फिल्म में सुनील दत्त ने भोला तो किशोर कुमार ने विद्यापति का रोल प्ले किया। दोनों की दोस्ती पर्दे पर निखर के सामने आई कि कैसे अपने दोस्त के प्यार को सफल बनाने के लिए दूसरा दोस्त अपनी आवाज दे देता है, जबकि महमूद साहब ने मास्टर पिल्लाई बनकर भोला और विद्यापति के प्लान पर पानी फेर दिया। फिल्म की कहानी और डायलॉग दोनों ही मजेदार हैं और शायद यही वजह रही कि फिल्म अपने समय की छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही। फिल्म ने दुनिया भर में 2.8 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का बजट 1 करोड़ से भी कम था, लेकिन बेहतरीन कास्ट और पटकथा ने फैंस का दिल जीत लिया। बहुत कम लोग ये बात जानते हैं कि इस फिल्म में पड़ोसन 'बिंदू' का किरदार पहले सायरा बानो नहीं निभाना चाहती थीं। एक्ट्रेस की तभी शादी हुई थी और वे फिल्में छोड़कर अपने पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थीं, लेकिन महमूद साहब के समझाने और मनाने के बाद वे फिल्म में काम करने के लिए राजी हुई थीं।



पत्नी के साथ फोटो शेयर कर बताया जल्द बनेंगे पैरेंट्स

## शादी की दूसरी सालगिरह पर रणदीप हुड्डा ने दिया सरप्राइज

**अभिनेता** रणदीप हुड्डा की शादी के दो साल हो चुके हैं। आज वह शादी की दूसरी सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने फैंस को सरप्राइज दिया है। अभिनेता रणदीप हुड्डा अपनी शादी की दूसरी सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी लिन लैशराम के साथ एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में जानकारी दी है कि वह जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं। आइए देखते हैं उनकी पोस्ट में और क्या है?

**रणदीप हुड्डा की पोस्ट में क्या है?**

इंस्टाग्राम पर रणदीप हुड्डा ने अपनी पत्नी लिन लैशराम के साथ एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि दोनों पति-पत्नी जंगल में अलाव के पास बैठे हैं। दोनों मुस्कुराते हुए एक-दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा 'प्यार और रोमांच के दो साल और अब नन्हा मुन्ना आने वाला है।' कैप्शन में उन्होंने दिल वाला इमोजी बनाया है। रणदीप हुड्डा ने जैसे ही यह पोस्ट शेयर की, वैसे ही यह वायरल हो गई है।

**कौन हैं रणदीप हुड्डा की पत्नी?**

बता दें कि रणदीप हुड्डा ने 29 नवंबर 2023 को लिन लैशराम के साथ शादी की थी। उन्होंने मैतेई परंपरा से मणिपुर के इम्फाल में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई में रिसेप्शन दिया था। रणदीप हुड्डा की पत्नी लिन लैशराम अभिनेत्री हैं।

उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह फिल्म 'जाने जान' 2023 में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने 'मैरी कॉम' में काम किया था। वह मॉडल और कारोबारी भी हैं।

## देश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर रवीना टंडन ने जताई चिंता

**दिल्ली** और दिल्ली से सटे राज्यों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। दिवाली के बाद से ही प्रदूषण का स्तर बदलते मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। अब इस समस्या पर बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने चिंता जताई है और ढेर सारे पोस्ट शेयर किए हैं, जिसमें बढ़ते प्रदूषण से होने वाले शारीरिक नुकसान पर फोकस किया गया है। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर बढ़ते प्रदूषण को लेकर बहुत सारे पोस्ट किए हैं, जिसमें एयर पॉल्यूशन को परमानेंट हेल्थ डैमेज बताया है। पोस्ट पर लिखा है, 'अगर पीएम 2.5 प्रदूषण



हो और एक्यूआई 200-300 हो, तो महज घंटे भर में ये कण शरीर में जाकर फेफड़े, दिल और ब्रेन को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर यही एक्यूआई 4 हफ्तों तक बना रहे, तो अस्थमा, श्वसन संबंधी रोग, आंखों में जलन और गले से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं। पोस्ट में आगे लिखा है, 'अगर यही एक्यूआई 1 से 3 महीनों तक बना रहता है, तो धीरे-धीरे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, फेफड़े की अंदरुनी परत मोटी होने लगती है, बच्चों के फेफड़ों का विकास प्रभावित होता है, और रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है।'


### चाचा पवन कल्याण और

## भाई राम चरण का मार्गदर्शन अमूल्य : निहारिका कोनिडेला



**अभिनेत्री** और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने दमदार अभिनय और प्रोडक्शन से लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने इंटरव्यू में अपने फिल्मी करियर और परिवार से मिलने वाले समर्थन के बारे में खुलकर बातें की हैं। अभिनेत्री ने बताया कि परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा है। खासतौर से उनके चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण ने उनके सफर को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईएएनएस ने इंटरव्यू में जब उनसे पूछा कि उनके परिवार, खासकर पवन कल्याण और राम चरण, उनके करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो इसके जवाब में निहारिका ने कहा, ''उनके समर्थन से मुझे असाधारण सी ताकत मिलती है। मुझे पता है कि वे दोनों बिना ज्यादा कुछ बोले भी मेरे लिए हमेशा मौजूद रहेंगे।'' निहारिका ने साझा किया कि वह पवन कल्याण और राम चरण से अपने जीवन में काफी कुछ सीख हासिल करती हैं। उन्होंने कहा, ''उनके अनुभव, उनके काम करने का तरीका, और पेशेवर अनुशासन मेरे लिए हमेशा एक उदाहरण बनकर सामने आते हैं। उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अमूल्य है और इसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाती हूं। बात करते हुए निहारिका ने बताया कि उनका परिवार फिल्म इंडस्ट्री में बहुत सम्मानित है और इस कारण कभी-कभी उन्हें महसूस होता है कि उन्हें हर कदम पर दूसरों की उम्मीदों पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा, ''मैं इस दबाव को नकारात्मक रूप में नहीं देखती। मैं इसे अपनी मेहनत और करियर में आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरणा की तरह महसूस करती हूं।

हर बार जब मैं किसी फिल्म के सेट पर जाती हूं या कोई फिल्म प्रोड्यूस करने का फैसला लेती हूं, वह हमेशा इस विचार के साथ काम करती हूं कि मुझे अपने परिवार को गर्व महसूस कराना है। निहारिका ने कहा, ''मुझे फैंस ने हमेशा अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। मुझे पहले से ही एक बड़ा सहारा और सुरक्षा का अनुभव दिया। जब एक कलाकार को ऐसा प्यार मिलता है, तो वह अपने काम में और भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। मैं इस प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।'



### 'मुझे कभी राउंड टेबल इंटरव्यूज में नहीं बुलाया जाता', अनुपम खेर ने उठाए सवाल; बोले-

## मैं एक्टिंग में बाप हूं

अपने करियर में तरह-तरह के किरदार निभाने वाले अनुपम खेर राउंडटेबल इंटरव्यू में न बुलाने से नाराज हैं। अब इसको लेकर उन्होंने बड़ा बयान दिया है।

अभिनेताओं में होती है। उन्होंने अपने चार दशक से भी लंबे करियर में कई यादगार फिल्में दीं और किरदार निभाएं हैं। हालांकि, एक्टर का कहना है कि इंडस्ट्री में इतना लंबा समय बिताने के बावजूद उन्हें आज तक साल के अंत में होने वाले राउंड टेबल इंटरव्यूज में आमंत्रित नहीं किया गया।

**कुछ लोग मुझे बुलाने लायक नहीं समझते**

यूट्यूब चैनल अनफिल्टर्ड विद समदीश के साथ बातचीत के दौरान अनुपम खेर ने राउंड टेबल इंटरव्यूज को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा कि लोगों का एक वर्ग मुझे बुलाए जाने के लायक नहीं समझता। जबकि जब अभिनय की बात आती है तो मैं उनका बाप हूं। मैं एक एक्टिंग स्कूल चलाता हूं। एक बार मैंने एक वरिष्ठ संपादक को फोन किया और कहा कि आप इन औसत दर्जे के अभिनेताओं से बात करने के बाद इतने खुश कैसे हो लेते हैं। लेकिन आपने मुझे तो कभी नहीं बुलाया। अनुपम खेर इस साल कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। 2025 की शुरुआत उन्होंने कंगना रनौत के साथ 'इमरजेंसी' से की थी। इसके बाद वो 'तुमको मेरी कसम', 'मेट्रो इन दिनों' और 'तन्वी द ग्रेट' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। 'तन्वी द ग्रेट' का निर्देशन और निर्माण भी उन्होंने ही किया था। इसके अलावा आने वाले वक्त में भी उनकी पाइपलाइन में कई फिल्में हैं।

## राम गोपाल वर्मा की 'पुलिस स्टेशन में भूत' में नजर आएंगे मनोज बाजपेयी

**निर्देशक** राम गोपाल वर्मा मनोज बाजपेयी के साथ दर्शकों को डर का एहसास कराने के लिए फिल्म पुलिस में भूत लेकर आ रहे हैं। शनिवार को निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक अभिनेता की तस्वीर पोस्ट की। निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'मनोज बाजपेयी की एक झलक पुलिस स्टेशन में भूत से। 'निर्देशक की पोस्ट प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। वे दोनों की फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं क्योंकि निर्देशक और मनोज बाजपेयी लंबे समय के अंतराल के बाद फिर से साथ में वापसी कर रहे हैं। बात दें, दोनों ने आखिरी बार फिल्म सत्या में काम किया था। साल 1998 की फिल्म सत्या को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और इस फिल्म ने अभिनेता को भी अच्छी पहचान दी थी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा, सैफाली शाह, जेडी चक्रबर्ती, सौरभ शुक्ला, परेश रावल और उर्मिला मातोंडकर जैसे स्टार्स नजर आए थे। फिल्म में मनोज ने भीखू म्हात्रे का किरदार निभाया था, जो लोगों को आज भी याद आता है। अब दोनों लंबे समय के अंतराल के बाद फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' में साथ आए हैं। इस फिल्म में अभिनेता के साथ अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख और राम्या कृष्णन भी होंगी। फिल्म का निर्माण वेव एमिरेट्स मीडिया प्रोडक्शन और कर्मा मीडिया एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं।



हालांकि, फिल्म को लेकर अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है। साल 2026 में इसके रिलीज की उम्मीद लगाई जा रही है। हाल ही में मनोज बाजपेयी की सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 अमेजन प्राइम में स्ट्रीम हुई है। इस बार नई कहानियों के साथ नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें जयदीप अहलावत और निमृत कौर शामिल हैं। इस बार सीरीज में श्रीकांत तिवारी की निजी जिंदगी और उनके प्रोफेशनल संघर्षों के बीच का टकराव देखने को मिल रहा है।



## अभिनय की दुनिया एक अलग जिंदगी जीने की आजादी देती है : निमरत कौर

**ऑनलाइन** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जब भी कोई नया सीजन रिलीज होता है, तो दर्शक सबसे पहले यह देखना चाहते हैं कि उनके पसंदीदा किरदारों के साथ क्या नया हुआ है और कौन से नए किरदार कहानी में जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में रिलीज हुई 'द फैमिली मैन सीजन 3' ने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा है। तीसरे सीजन में एक नया किरदार 'मीरा' दर्शकों के लिए खासा दिलचस्प साबित हुआ। इस किरदार को अभिनेत्री निमरत कौर ने निभाया। इस किरदार को लेकर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। निमरत कौर ने कहा, ''मीरा का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत शानदार अनुभव रहा। इस रोल ने मुझे महिला सशक्तीकरण की भावना महसूस करने का मौका दिया।

यह किरदार न केवल कहानी में अहम है, बल्कि यह दर्शाता है कि एक महिला अपने तरीके से किसी भी चुनौती का सामना कर सकती है, चाहे वह पुरुषों की दुनिया में काम कर रही हो या फिर नेतृत्व की भूमिका में हो। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसके सभी लेखक पुरुष ही थे, जिन्होंने महिला सशक्तीकरण के अलग पहलुओं को दिखाया। जब महिला का ऐसा किरदार पुरुष लेखकों द्वारा लिखा जाता है, तो उसे निभाना बहुत रोचक अनुभव होता है। इस किरदार ने मुझे खुद पर भरोसा करने और आत्म-विश्वासी बनने की प्रेरणा दी। कई बार मैं खुद को देखती थीं और सोचती कि यह किरदार जिस तरह आत्म-विश्वासी है, मैं असल जिंदगी में उसकी तरह शायद ही बन पाऊं। निमरत ने कहा, ''अभिनय की दुनिया में मुझे जो आजादी मिलती है, वह असल जिंदगी में शायद संभव नहीं है। जब मैं किसी किरदार को निभाती हूं, तो उसे अपने असली जीवन के अनुभवों और सोच से अलग रखकर पूरी तरह से जी सकती हूं।

# राजस्व कर्मचारी 2.50 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** बिहार के किशनगंज जिले में निगरानी विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व कर्मचारी को 2.50 लाख रुपये घूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के खगड़ा निवासी ओवेस अंसारी ने निगरानी विभाग को आवेदन देकर आरोप लगाया था कि जमीन परिमार्जन (म्यूटेशन) के नाम पर राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान द्वारा 2 लाख 50 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद विभाग की टीम ने पूरे मामले की गुप्त रूप से छानबीन की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर टीम ने घूसखोर कर्मचारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। मंगलवार को निगरानी विभाग की सात सदस्यीय टीम ने प्रखंड कार्यालय क्षेत्र में छापेमारी की। इसी दौरान अभिषेक होटल के पास राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान को घूस की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद कर्मचारी से पूछताछ की जा रही है।



निगरानी विभाग के डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता ओवेस अंसारी की ओर से मिली शिकायत पर कार्रवाई की गई। जांच में मामला सही पाया गया, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से राजस्व कर्मचारी को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में विभाग सख्त है और ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

# बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और विधायक डॉ. प्रेम कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रेम कुमार के निर्विरोध चुनाव का स्वागत किया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रेम कुमार ने कहा कि वह सभी सदस्यों के लिए समान और निष्पक्ष रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विधानसभा में सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुली और पारदर्शी चर्चा होगी



और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखना है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रेम कुमार को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बिहार विधानसभा के लिए एक सकारात्मक संकेत है और इससे राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और भी मजबूत होगी। प्रेम कुमार ने अपने पहले भाषण में यह भी कहा कि वह सभी विधायकों के सुझावों और विचारों को सम्मान देंगे और किसी भी प्रकार के पक्षपात से दूर रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्तकर्मी सेवांत लाभ से वंचित

**सहरसा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अधीनस्थ के विभिन्न महाविद्यालयों से सेवानिवृत हुए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को लंबा समय गुजर जाने के बावजूद सेवांत लाभ से वंचित रखा गया है। जिस कारण इन कर्मियों का आक्रोश गहराता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर विभिन्न महाविद्यालयों से सेवानिवृत हुए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें इस बात की चर्चा की गई है कि, पूर्व में भी इस बाबत हुई चर्चा में इस मामले का शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिया गया था, किंतु लंबे इंतजार के बाद भी फलाफल शून्य ही निकला है। ज्ञापन में इस स्थिति को बेहद दुखद बताते हुए कर्मियों ने विश्वविद्यालय को चेतावनी दी है कि उनके मामले पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो बाध्य होकर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तरकमी धरना एवं प्रदर्शन करने पर विवश हो जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय के मत्थे ही रहेगी। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रमुख है प्रोफेसर विनोद मोहन जायसवाल, प्रोफेसर नरेंद्र प्रसाद यादव, प्रोफेसर किशोर नाथ झा, प्रोफेसर शिशिर कुमार मिश्रा, कुमारी शिखा चौधरी, प्रोफेसर दिलीप कुमार सिंह प्रोफेसर रंजीत कुमार सिंह आदि हैं।

### रमेश झा महिला महाविद्यालय की छात्रा मधेपुरा मे आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हुई शामिल

**सहरसा।** रमेश झा महिला कॉलेज क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष डॉ. अभय कुमार के नेतृत्व में पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, कीर्ति नगर, मधेपुरा के लिए खिलाड़ियों के साथ मंगलवार को प्रस्थान किया। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन पार्वती विज्ञान महाविद्यालय में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर विमलेंद्र शेखर झा, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर अशोक कुमार ठाकुर, सम्मानित अतिथि डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉक्टर मोहम्मद अब्दुल फजल एवं डॉ जैनेंद्र कुमार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

# फारबिसगंज में अतिक्रमणकारियों पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर

एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज के राम मनोहर लोहिया पथ में नगर परिषद कार्यालय से लेकर फुलवरिया हाट तक में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नप प्रशासन का बुलडोजर चला। अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार रंजन के आदेश पर नगर परिषद प्रशासन की ओर से सड़क के दोनों ओर सरकारी जमीन को अतिक्रमण किए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर परिषद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों के बीच अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। सड़क के किनारे लगे अतिक्रमित गुमटियों को जब्त किया गया।वहीं पक्का निर्माण सहित झुग्गी झोपड़ी में कारोबार कर रहे अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया गया।अतिक्रमण के खिलाफ चले अभियान में दर्जनों



अतिक्रमित दुकानों को हटाया गया।अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल ने किया।मौके पर स्वच्छता प्रभारी वंदना कुमारी, प्रधान सहायक कुंदन कुमार सिंह, कर संग्रहकर्ता अमित कुमार, रंजीत सहनी, संजय जायसवाल सहित दर्जनों नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद थे। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल ने बताया कि फारबिसगंज अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान की शुरूआत की गई है और पूरे शहर में यह अभियान चलाया जाएगा। शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात व्यवस्था सुचारू ढंग से संचालन को लेकर अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया है।उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों से जुमार्ने की राशि भी वसूली जाएगी।

## हथियार का भय दिखाकर मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम देनेवाला अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**अररिया।** जिले की पलासी थाना पुलिस ने रविवार रात मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों के द्वारा हथियार का भय दिखाकर अपाची मोटरसाइकिल लूटकांड को अंजाम देने वाले अशरफ को पलासी के बरहट वार्ड संख्या स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके पास से लूटी हुई अपाची मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 एजी 5076 बरामद कर लिया है। यह जानकारी मंगलवार शाम सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने दी। एचडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने बताया कि 30 नवंबर की रात 7:30 बजे प्लासी के मालद्वार गांव के वार्ड संख्या 10 निवासी नवीन कुमार दास पिता स्व.हरिलाल दास अपने 7 साल के भांजा के साथ अपनी मोटरसाइकिल से हसनपुर भोज खाने के लिए जा रहा था। बरहट से आगे हीरो शोरूम के पास एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे। बगल में पहुंचने पर दोनों युवको ने उन्हें हथियार का भय दिखाकर घेर लिया और मोटरसाइकिल छीन ली। बदमाशों ने नवीन कुमार पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। मामले को लेकर पलासी थाना में कांड संख्या 414/25 दिनांक 30.11.2025 को 309(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया।मामले को लेकर एसपी द्वारा सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में पलासी थाना और डीआईयू के साथ एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा अपराधी की शिनाख्त कर अशरफ की गिरफ्तारी की गई।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए नड्डा के स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की। नीतीश कुमार ने अपने आधिकारिक अकाउंट से लिखते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक




बधाई और शुभकामनाएं। साथ ही उन्होंने उनके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना भी की। पोस्ट में नड्डा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को टैग किया गया।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय अभियान सह जागरूकता कार्यक्रम

एजेंसी

**सहरसा।** महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा दिनांक 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक संचालित जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विश्वनाथ +2 उच्च विद्यालय, रकिया में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में लैंगिक समानता, बाल सुरक्षा कानूनों, जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समझ को बढ़ाना था।कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा बालक एवं बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों



पर विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकार, सुरक्षा के प्रावधान एवं दंड, बालकों व बालिकाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुरक्षा एवं संरक्षण के उपाय बताये गए।कार्यक्रम में ऋचा मिश्रा द्वारा लैंगिक हिंसा की रोकथाम एवं समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने के प्रभावी तरीकों पर विस्तृत रूप से बताया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में कैसे सुरक्षित रहें और किससे सहायता प्राप्त करें। साथ ही कार्यक्रम में ब्रज भूषण, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ एवं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता फैलाने, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने तथा समाज में लैंगिक समानता व हिंसा मुक्त वातावरण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान जिले में प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन की दिशा में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

### एसएसबी ने नेपाली शराब, मोटरसाइकिल किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार



**अररिया।** एसएसबी 56 वीं वाहिनी बथनाहा के कार्यक्षेत्र ए समवाय के द्वारा बीती रात चंदा डुमरी गांव से तस्करी के 1350 बोतल नेपाली शराब जब्त किया गया। रात्रि वेला में एसएसबी की विशेष गश्ती टीम ने गश्ती के दौरान यह शराब बरामद किया। भारतीय बोर्डर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 187 के नजदीक भारत साइड में करीबन 5 किलोमीटर पर तस्करी का जब्त नेपाली शराब 1350 बोतल कुल 405लीटर शराब के साथ तीन मोटरसाइकिल जब्त किया गया। तस्कर नेपाल से तस्करी कर शराब भारत की और ला रहा था।जिसे सशस्त्र सीमा बल की विशेष नाका टीम द्वारा जब्त किया गया। जिसमें एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम मो.अखतर पिता मो.बिल्ट है, जो कोशिकापुर फुलकाहा का रहने वाला है। आवश्यक कार्यवाही के बाद आबकारी विभाग के हवाले जब्त शराब और तस्कर को सुपूर्द किया गया।

### चौकता गांव में आगजनी में पांच घर जले, लाखों का नुकसान



**अररिया।** जिले के जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के चौकता गांव वार्ड संख्या 08 में देर रात करीब 11 बजे आग लगने से करीब पांच घर जलकर राख हो गया। आग की लपटें देखने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। सूचना पर दमकल की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची, तब तब ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि घर में रखे समान जैसे धान,चावल, गेहूं, अलना, पलंग, कुर्सी, बर्तन, मवेशी, कपड़ा इत्यादि सभी सामना जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवार में 65 वर्षीय मोइनउद्दीन पिता मोहिउद्दीन, 55 वर्षीय रज्जाक पिता मोहिउद्दीन, 40 वर्षीय आशिक पिता नूरउद्दीन, 35 वर्षीय शफीक पिता नूरउद्दीन, 60 वर्षीय मोअज्जम पिता सलिल के पांचों घरों से अनुमानित करीब 6 से 7 लाख का संपत्ति के आगजनी में नुकसान बताया जा रहा है।

### कोहरा ऐसा कि सड़क गायब, कैमूर सबसे ठंडा, बिहार में सर्दी ने दिखाए खतरनाक तेवर

**कैमूर।** दिसंबर का पहला हफ्ता शुरू होते ही मौसम तेजी से बदलने लगा है। देर रात से लेकर सुबह तक घना कोहरा कई जिलों में फैल गया है, और विजिबिलिटी कई जगहों पर 500 मीटर तक सीमित हो चुकी है। कैमूर इस समय राज्य का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है, जहाँ तापमान 9.4त्उ दर्ज किया गया। ठंड ने पकड़ ली रफ्तार, रात के तापमान में गिरावट शुरू ताजा रिपोर्ट के मुताबिक बिहार के ज्यादातर जिलों में शुष्क और ठंडी हवाएँ चल रही हैं। अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2-3 की गिरावट की संभावना है। दिन में हल्की धूप जरूर मिलेगी, लेकिन सुबह और शाम की ठंड लगातार बढ़ रही है। सबसे ठंडे जिले: कैमूर से किशनगंज तक गिरा पारा पिछले 24 घंटों में कैमूर (अधौरा) का तापमान सबसे कम 9.4त्उ रहा। इसके अलावा किशनगंज 12.6, जबकि पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, दरभंगा, मधुबनी, नवादा और पटना में तापमान 10-14 के बीच रिकॉर्ड किया गया।

# दो साल से बैंक धोखाधड़ी मामले में जेल में बंद रामचन्द्र कुमार एलएडीसी की पहल पर साक्ष्य के अभाव में हुए रिहा

एजेंसी

**अररिया।** बैंक धोखाधड़ी मामले में दो साल से अधिक समय से मंडल कारा में बंद सुपौल जिला के रामचंद्र कुमार को न्यायमंडल अररिया के फर्स्ट क्लास जुडिशियल मजिस्ट्रेट प्रणव कुमार ने साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामला जीआर केस संख्या 50/2024,जो फारबिसगंज थाना कांड संख्या 911/2023 से संबंधित है। केस के सूचक अमित कुमार हैं।वहीं रिहाई पाने वाला सुपौल जिला के प्रतापगंज थाना के गोविंदपुर वार्ड संख्या पांच का रहने वाला 26 वर्षीय रामचन्द्र कुमार पिता राम प्रसाद यादव है।दो साल दो माह से जेल में बंद रामचन्द्र कुमार को कानूनी सहायता लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ विनय कुमार ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। मंगलवार को जेल से रिहा हुए रामचन्द्र कुमार के विरुद्ध भादवि की धारा 418,420,467,468,120(बी) के तहत फारबिसगंज पुलिस के द्वारा आरोप पत्र समर्पित किया गया, तद्नुसार कोर्ट के द्वारा




संज्ञान भी लिया गया। परन्तु अभियोजन के तरफ से मात्र एक गवाह की ही गवाही हुई तथा ठगी एवं धोखाधड़ी के मामले को लेकर एक भी दस्तावेज कोर्ट में प्रदर्श के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके अभाव में न्यायिक पदाधिकारी प्रणव कुमार ने साक्ष्य नहीं रहने के कारण अभियुक्त को आरोप से मुक्त करते हुए रिहा किया गया। मामले की जानकारी देते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ विनय कुमार ठाकुर ने बताया कि फारबिसगंज थाना के एसआई अमित कुमार ने 28 सितंबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।जिसमें 27 सितंबर 2023 को 10 बजे दिन में अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ पेट्रोलिंग में निकलने पर पोस्ट ऑफिस आईसीआईसीआई बैंक के पास पहुंचने पर ब्रांच मैनेजर चंदन कुमार ने बैंक में एक व्यक्ति रामचंद्र कुमार द्वारा पांच लाख रुपैया अपने खाता से जितेंद्र नाम के खाता में भेजने के लिए चेक देने की जानकारी देते हुए मामले पर संदिग्धता जाहिर की। खाता का अवलोकन करने से 26 सितंबर 2023 तक उस खाता 1 करोड़ 25 लाख रुपया में से 1 करोड़ 9 लाख रुपैया खाता से निकाला गया।इस सवाल पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला और रामचन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि पड़ोसी पिंकू झा ने एक लाख रुपैया देने के नाम पर उनसे बैंक में खाता खुलाया और रामचन्द्र कुमार अपने हर खाता का डिटेल्स टिंकू झा को देता था।

## एनएचआरसीसीबी के राष्ट्रीय महासचिव ने मानवाधिकार उल्लंघन मामलों पर दिया जोर

एजेंसी

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज स्थित एक होटल में नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की बैठक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव गिरीश चंद्रा की मौजूदगी में मंगलवार को हुई। बैठक में प्रदेश और जिला इकाइयों के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य संगठन स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाना, मानवाधिकार संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना तथा आगामी योजनाओं को दिशा देना था। राष्ट्रीय महासचिव गिरीश चंद्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए



कहा कि वर्तमान समय में समाज में बढ़ते मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को देखते हुए संगठन को अधिक सशक्त और सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि हर जिले और पंचायत स्तर तक टीमों को मजबूत कर जनहित के मामलों में तुरंत सहायता उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वही दिल्ली में होने वाले कन्वेंशन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश और जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यों, उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कई सदस्यों ने स्कूलों, पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का सुझाव दिया। गिरीश चंद्रा ने संगठनात्मक अनुशासन, पारदर्शिता और समाज सेवा को सबसे महत्वपूर्ण बताया।

# पाकिस्तान में आतंकी हमले बढ़े, जवाबी कार्रवाई में 292 लोग मारे गए : रिपोर्ट

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को साल का गुजर चुका महीना नवंबर गहरे जख्म दे गया। इस माह सारे देश में आतंकी हमले बढ़े। हमलावरों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई 292 लोग मारे गए। इस्लामाबाद के थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने मासिक रिपोर्ट में आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। डान अखबार ने अपनी रिपोर्ट में पीआईसीएसएस के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। विश्लेषण के अनुसार, नवंबर में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आम लोगों की मौत में 80 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी और सुरक्षा बलों के नुकसान में 65 फीसद की कमी देखी गई। थिंक टैंक ने अपनी नवीनतम मासिक रिपोर्ट में कहा कि नवंबर में देश भर में सरकार विरोधी हिंसा और सुरक्षा बलों के जवाबी कदमों में 292 लोग मारे गए और 164 घायल हुए। पीआईसीएसएस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने पुराने हमलों से सबक लेते हुए नवंबर में अधिक सोच-समझकर कार्रवाई की। इससे उसके नुकसान में भारी कमी आई। अक्टूबर में सुरक्षा बलों के 72 जवान और अधिकारी मारे गए थे। नवंबर में यह संख्या घटकर 25 हो गई यानी लगभग 65 फीसद की कमी आई। हालांकि, आम लोगों की मौतें 80 फीसद बढ़ गईं। अक्टूबर में 30 लोगों की मौत हुई थी। नवंबर में यह संख्या बढ़कर 54 हो गईं। थिंक टैंक ने दावा किया कि नवंबर में मारे गए कुल 292 में लोगों से 206 आतंकवादी हैं। इस दौरान आतंकवाद ने सरकार समर्थक शांति समितियों के सात सदस्यों की भी जान ले ली। घायलों में 83 सुरक्षा बल के जवान, 67 आम लोग, 10 विद्रोही और चार शांति समितियों के सदस्य शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में नवंबर में 97 आतंकी हमले हुए। अक्टूबर यह संख्या 89 थी। नवंबर में खैबर पख्तूनख्वा सबसे ज्यादा अशांत रहा। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में चार आत्मघाती बम धमाके हुए। अक्टूबर में सिर्फ एक आत्मघाती बम धमाका हुआ था।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा को प्रधानमंत्री मोदी, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्री तथा रसायन एवं उर्वरकमंत्री जे.पी. नड्डा के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके के योगदान की सराहना की और उनके दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने नड्डा को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा कि वे अपने सरल और सहज व्यक्तित्व, संगठनात्मक कौशल और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित हैं। प्रधानमंत्री ने भाजपा को मजबूत बनाने तथा स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक क्षेत्र में नड्डा के योगदान की सराहना की और उनके दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नड्डा प्रधानमंत्री मोदी के प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण व किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने में लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने संगठन के विस्तार में नड्डा की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रहित के प्रति नड्डा का समर्पण और सेवा भाव कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने भगवान श्रीराम से उनके दीघार्यु और सफलता की कामना की। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने नड्डा के नेतृत्व को देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तनकारी बताया और माता कामाख्या से उनके सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

## संक्षिप्त समाचार

### कुवैत से हैदराबाद आ रहे विमान की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** कुवैत-हैदराबाद इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट बम की धमकी मिलने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग मुंबई एयरपोर्ट पर कराई गई । विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। विमान को एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में भेज दिया गया है।
आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो के एक विमान को बम की धमकी भरे संदेश के बाद मुंबई डायवर्ट कर दिया गया और यहां इसकी सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। कुवैत से उड़ान भरने वाले इस विमान में बम होने की चेतावनी दी गई थी। यह धमकी भरा संदेश एक ई-मेल के जरिए आया और दिल्ली हवाई अड्डे को मिला था। इसके बाद कुवैत से हैदराबाद से आ रहे इंडिगो की फ्लाइट को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग ली, जहां फ्लाइट की सुरक्षित लैंड हो चुकी है और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, इंडिगो की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट, तिरुवल्लूर में रेड अलर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु में मौसम विभाग ने भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चेन्नई मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब कमजोर होकर निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील हो गया है, लेकिन इसके असर से अगले दो दिनों तक तटीय और आंतरिक जिलों में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि यह निम्न दबाव क्षेत्र चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूरी पर स्थित है और तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से लगभग 25 किलोमीटर दूर समुद्र में केंद्रित है। इसके कारण कई जिलों में भारी वर्षा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तिरुवल्लूर जिले में अत्यधिक भारी बारिश की आशंका के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और रानीपेट जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहाँ बहुत भारी बारिश हो सकती है।

# योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला, अयोध्या में अब 52 एकड़ में बनेगा विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय

**मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर**

एजेंसी



**लखनऊ। योगी** सरकार ने अयोध्या को विश्वस्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय के लिए राज्य सरकार ने 25 एकड़ के स्थान पर अब 52.102 एकड़ जमीन निःशुल्क देने का निर्णय लिया है। इस आशय का प्रस्ताव मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यहां लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूर किया गया। इस बैठक में कुल 19 अहम प्रस्तावों पर मोहर लगी है। कैबिनेट के निर्णयों के बारे में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसे कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी के तहत बनाया जाएगा।

इसमें केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना के लिए भूमि आवंटन के लिए केन्द्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितंबर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी। ऐसे में अब इस भूमि के अतिरिक्त 27.102 एकड़ और मिलाकर कुल 52.102 एकड़ भूमि का निःशुल्क हस्तांतरण आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से पर्यटन विभाग के पक्ष में किया जाएगा, ताकि इस संग्रहालय और निमार्ण कार्यों का दायरा बढ़ाया जा सके। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले यूपी के खिलाड़ियों को बड़ी राहतउत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। ऐसे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की अवधि और उनके आवागमन के समय को भी ड्यूटी माना जाएगा। योगी कैबिनेट के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म हो जाएंगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा वेंटिलेटर पर, सरकार ने वीवीआईपी घोषित किया



**ढाका।** बांग्लादेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। अस्सी वर्षीय खालिदा को राजधानी के एवरकेयर अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया है। देश की अंतरिम सरकार ने उनके स्वास्थ्य की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें वीवीआईपी (अति-अति महत्वपूर्ण व्यक्ति) घोषित किया है। उन्हें विशेष सुरक्षा बल प्रदान किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक संदेश में खालिदा जिया के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। इस बीच ऐसे संकेत मिले हैं कि लंदन में रह रहे उनके बेटे तारिक रहमान ने स्वदेश लौटने की तैयारी शुरू कर दी है। न्यूज पोर्टल बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने सोमवार को कहा कि कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान जल्द ही देश लौट आएंगे। उन्होंने यह जानकारी रात को गुलशन में खालिदा जिया के ऑफिस में हुई बैठक के बाद पत्रकारों को दी। इस बीच भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने बेगम खालिदा जिया के स्वास्थ्य पर गहरी चिंता जताई है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा,₹मैं बेगम खालिदा जिया की सेहत के बारे में जानकर बहुत परेशान हूं। हमारी सच्ची दुआएं और शुभकामनाएं उनके जल्दी ठीक होने के लिए हैं। भारत हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है, जिस तरह से हम कर सकते हैं।₹ भारतीय प्रधानमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब खालिदा ज़िया का एडवांस्ड मेडिकल ट्रीटमेंट चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिम सरकार ने रात को एक अधिसूचना जारी की है। इस पर मुख्य सलाहकार के कार्यालय में महानिदेशक (प्रशासन) मोहम्मद अब्दुल वदूद चौधरी ने राष्ट्रपति के निर्देश के बाद आदेश पर हस्ताक्षर किए। अधिसूचना के अनुसार, खालिदा जिया को विशष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 के सेक्शन 2(ए) के तहत वीवीआईपी घोषित किया गया है। यह फैसला तुरंत लागू हो गया है। इस कदम के बाद खालिदा को एसएसएफ (विशेष सुरक्षा बल) प्रधान करने का रास्ता साफ हो गया। यह दर्जा देश के मुखिया (राष्ट्रपति) और सरकार के मुखिया (प्रधानमंत्री या मुख्य सलाहकार) को दिया जाता है। प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी के उपाध्यक्ष अहमद आजम खान ने कहा है कि खालिदा ज़िया की हालत बहुत नाजुक हो गई है। रविवार रात से उनकी हालत में कोई सुधार नहीं। कल दोपहर 1:45 बजे एवरकेयर अस्पताल के सामने आजम खान ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह अभी ऐसी हालत में नहीं पहुंची हैं कि कुछ और कहा जा सके। हमारे पास दुआओं के अलावा मांगने के लिए कुछ नहीं है।

# अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

एजेंसी




**देहरादून।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समेत अन्य नामों की घोषणा की गई। परिषद ने मंगलवार को इसकी सूची जारी की है। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने आज बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर डॉ. एम नागलिंगम (कासरगोड), डॉ. आशुतोष मंडावी (रायपुर), डॉ. मंदार भानुषे (मुंबई), डॉ. सुरभि बेन दवे (जामनगर), राष्ट्रीय मंत्री के पद पर श्रवण बी राज (भाग्यनगर), कमलेश सिंह (शिलोंग), क्षमा शर्मा (नोएडा), आदित्य तकियार (चंडीगढ़), पायल किनाके (नागपुर), अभय प्रताप सिंह (वाराणसी) व हर्षित निनोमा (बांसवाड़ा) को बनाया गया है। उन्होंने बतायाकि राष्ट्रीय संगठन मंत्री के पद पर आशीष चौहान (मुंबई), राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री के पद पर गोविंद नायक (कोलकाता), एस. बालकृष्ण (भाग्यनगर), देवदत्त जोशी (मुंबई), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर गीतेश सामंत (ठाणे), दयानंद भाटिया (जबलपुर), केंद्रीय कार्यालय मंत्री सौरभ पाण्डेय (मुंबई), केंद्रीय सचिवालय सचिव पद पर देवानंद त्यागी (मुंबई), केंद्रीय सह सचिवालय सचिव पद पर गौरव राजावत (मुंबई) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# लापरवाह एम वाय अस्पताल : लगाने वाला इंजेक्शन मरीज को पिला दिया, हुई मौत

एजेंसी

**इंदौर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इन्दौर के एम वाय में लगातार हो रही लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से मरीजों की जिंदगी मौत बन रही है। बड़े विश्वास से परिजन बीमार को लेकर यहां आते है और मुर्दा लाश या एक नई बीमारी साथ लें जाने को मजबूर हो जाते हैं। और एम वाय में शुरू हो जाती है जांच के नाम पर शासन प्रशासन की नौटंकी। विगत दिनों चूहों के काटने से नवजात की मौतों, फिर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी को एक्सपायरी डेट की स्लाइन लगाने के मामले सामने आने के बाद अब एक और ऐसा ही लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का मामला एम वाय में सामने आया है जिसमें पैंतीस वर्षीय बलवीर की मौत के बाद उसके परिजन ने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बलबीर को उसके परिजन देवास में हुए सड़क हादसे में घायल होने के बाद गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर आए थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में दो नावें अमेजन नदी में डूबी, 12 की मौत



**लीमा।** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में अमेजन नदी के पास सोमवार को अचानक भूस्खलन होने दो नावें आपस में टकराने के बाद डूब गईं। इस हादसे में कम से कम तीन बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता बताए जा रहे हैं। यह हादसा नदी के तटीय उकायाली क्षेत्र में हुआ। ग्राउंड न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका से संचालित एक समाचार एजेंसी ने कहा कि पेरू के पुलिस विभाग ने इसकी पुष्टि की है। इन दो यात्री नावों में चिकित्सक और कई आदिवासी परिवार सवार थे। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग लापता हैं। पेरू के राष्ट्रीय आपात केंद्र ने कहा कि राहत और बचाव अभियान में हेलिकॉप्टर को शामिल किया है।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम का विपक्ष पर करारा हमला, कहा- राष्ट्रहित में एसआईआर

**मानसिक संतुलन खो चुका है विपक्ष- आचार्य प्रमोद कृष्णम**

**भारत घुसपैठियों, आतंकवादियों और तालिबानियों के लिए नहीं**

एजेंसी



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के श्रीकल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने एसआईआर के मामले में विपक्ष के रुख पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सच यह है कि विपक्ष भारत को बांग्लादेश बनाना चाहता है लेकिन कभी सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष बिहार चुनाव में मिली हार को छिपाने के लिए एसआईआर का मुद्दा उठा रहा है। संभल के थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र स्थित श्रीकल्कि धाम में एक प्रेस वार्ता में आचार्य कृष्णम् ने कहा कि विपक्ष के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। आचार्य ने एसआईआर को भारत की एकता और लोकतंत्र के लिए आवश्यक बताया। आचार्य ने कहा कि विपक्ष बिहार की हार को पचा नहीं पा रहा है, इसलिए इस मुद्दे को उठा रहा है। आचार्य कृष्णम् ने सशक्त विपक्ष की वकालत करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को गाली देना या सुप्रीम कोर्ट, संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग को चोर बताना विपक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत को एक सशक्त विपक्ष की आवश्यकता है, न कि 'पागल या दिवालिया' विपक्ष की। आचार्य ने आरोप लगाया कि विपक्ष इस देश को बांग्लादेश बनाना चाहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर राष्ट्र के हित में है और जो भारतीय है, उसे ही भारत में रहना चाहिए। आचार्य कृष्णम् ने जोर देकर कहा कि भारत की भूमि घुसपैठियों, आतंकवादियों और तालिबानियों के लिए नहीं है। ममता बनर्जी द्वारा एसआईआर का विरोध किए जाने के सवाल पर आचार्य कृष्णम् ने कहा कि वह आईएसआई, पाकिस्तान और बांग्लादेश की भाषा बोल रही हैं।

# नेपाली नागरियों की सुविधा के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर नई सेवा की शुरुआत

एजेंसी




**काठमांडू।** दिल्ली होकर किसी अन्य देश की यात्रा करने वाले नेपाली यात्रियों के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे ने नया सूचना डेस्क स्थापित किया है। भारत में नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा ने कहा कि इस डेस्क का उद्देश्य ट्रांजिट प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाना है। दिल्ली से विश्व के कई देशों की ओर नेपाली यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में सुरक्षा और दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच बेहद महत्वपूर्ण है। कुछ गिरोह फर्जी एनओसी, वीजा और अन्य दस्तावेज बनाकर नेपाली यात्रियों को धोखा दे रहे हैं, जिससे वास्तविक यात्रियों को भी संदेह और परेशानी झेलनी पड़ती है। दूतावास ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपने सभी दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। दूतावास और एयरपोर्ट प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से नेपाली यात्रियों के लिए ट्रांजिट और अंतरराष्ट्रीय यात्रा को अधिक सुरक्षित और सरल बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह कदम हाल ही में दो अलग-अलग उड़ानों से चार नेपाली महिलाओं को डिपोर्ट किए जाने की घटना के बाद उठाया गया है, जिसने यात्रियों में असुरक्षा और भय की भावना पैदा कर दी थी। वे महिलाएं कतार एयरवेज से बर्लिन और लुफ्थांसा से कोलम्बिया जाने के लिए दिल्ली पहुंची थीं, जहां भारत उनके लिए केवल एक ट्रांजिट देश था, लेकिन अचानक उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट से वापस भेजे जाने की खबर ने यूरोप और अमेरिका यात्रा करने वाले नेपाली यात्रियों की चिंता बढ़ा दी थी। घटना के बाद दिल्ली में नेपाली दूतावास ने संबंधित पक्षों से वार्ता कर नेपाली यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की मांग की थी। इसी संदर्भ में, दिल्ली एयरपोर्ट ने नेपाल से आने वाले और आगे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए नया सूचना सहायता डेस्क स्थापित किया है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, यदि नेपाली यात्री केवल अगले अंतरराष्ट्रीय उड़ान से जुड़ रहे हैं, तो उन्हें भारतीय आव्रजन प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी।

# अमित शाह, रिजिजू, मुख्यमंत्री सरमा समेत कई नेताओं ने दी असम दिवस की शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** असम दिवस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा सहित तमाम नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी। अमित शाह ने कहा कि असम दिवस अहोम युग की गौरवगाथा का स्मरण कराता है और यह राज्य की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के संकल्प को और मजबूत करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में असम ने शांति के नए युग में प्रवेश किया है और विकास तथा शिक्षा के केंद्र के रूप में उभरा है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि अहोम युग की महिमा पर पूरा देश गर्व करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सरमा के नेतृत्व में असम तेजी से प्रगति कर रहा है। असम के मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि केंद्र की डबल इंजन सरकार ने असम की ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने अहोम वंश की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि असम दिवस को अहोम काल की प्रशासनिक क्षमता का प्रतीक है। आज असम स्थायी शांति और तेज गति से विकास के चरण में प्रवेश कर चुका है और पूर्वोत्तर के लिए सीखने, कनेक्टिविटी और अवसरों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने असमवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस अहोम युग की समृद्ध विरासत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य ने शांति, विकास और नए अवसरों के मार्ग पर उल्लेखनीय प्रगति की है।

## भारतीय टीम में वापसी का प्रयास कर रहे उमरान मलिक

**मुम्बई।** दो साल से अधिक समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज उमरान मलिक आजकल अपनी वापसी के प्रयासों में लगे हैं। उमरान ने अंतिम बार भारतीय टीम के लिए जुलाई 2023 में खेला था। इस तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम की ओर से 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और आठ टी20 खेलते हुए कुल 24 विकेट लिए हैं। उमरान अपनी रफ्तार के कारण सबकी नजरों में आये थे पर अपनी लय बरकरार नहीं रख पाने से वह टीम से बाहर हो गये। अब वह 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकने की अपनी क्षमता और धीमी गेंद तथा तेज यॉर्कर से एक बार फिर गेंदबाजी की धार तेज करना चाहते हैं। उमरान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के बाद कहा, ह्य जो भी गेंदबाज 150 किमी की गति से गेंदबाजी करते हैं वे स्ट्राइक गेंदबाज नहीं होते, वे अटैकिंग गेंदबाज होते हैं। उनपर चार ओवर में 30 रन बनेंगे पर विकेट भी मिलेगा। साथ ही कहा कि एक तेज गेंदबाज ऐसा ही होता है। उसे पता होना चाहिए कि उसे क्या करना है। उन्होंने कहा, जो गेंदबाज 150 किग्रा प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी करता है उसे पता होता है कि वह राजा है और उसे खुद पर भरोसा करना होता है। साथ ही कहा कि हर कोई 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी नहीं कर सकता। 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के लिए असली हिम्मत चाहिए और मैं पिछले पांच वर्षों से यह कर रहा हूं। उमरान ने इस बात पर जोर दिया कि इस रफ्तार के साथ गेंदबाजी करना कोई ऐसी चीजी नहीं है जिसे कोई कड़ी मेहनत से ही हासिल कर सके। उन्होंने कहा, 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना एक कला है, आप सीधे 137 से 145 पर नहीं जा सकते। उमरान ने कहा, गति मेरा प्राकृति पहलू है, मैं उससे कैसे समझौता कर सकता हूं? इसमें ट्रेनिंग, रनिंग, कार्डियो। आपको इसे बरकरार रखना होता है। कोई विशेष खानपान नहीं है। गति मेरी ताकत है। मुझे अपनी ताकत वापस पानी है। उमरान ने आईपीएल 2024 में 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी लेकिन तब से कई चोटों और बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी काबिलियत या अपने भविष्य पर कभी संदेह नहीं हुआ।

## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से खिलाड़ियों को लाभ होगा : लवलीना

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा है कि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से उभरते हुए खिलाड़ियों को लाभ होगा। बोरगोहेन ने मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे युवा प्रतिभाओं को खेलों में आगे बढ़ने और वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ता है। भारतीय मुक्केबाज ने कहा कि यह देश के लिए एक अच्छा है क्योंकि जब देश में कोई बड़ी प्रतियोगिता होती है, तो खिलाड़ियों को और भी अवसरा मिलते हैं। यह गुजरात में आयोजित होगा, इसलिए वहां के खिलाड़ियों को विशेष लाभ होगा। इससे पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 100वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के अधिकार मिलने पर प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सामूहिक प्रतिबद्धता ने वैश्विक खेल मंच पर भारत का स्थान मजबूती से स्थापित किया है। बररहाल खिलाड़ी इन खेलों की तैयारियों को शुरू करने लगे हैं। निशानेबाज सरबजोत सिंह ने कहा कि 2030 में होने वाले इन खेलों को लेकर वह उत्साहित है। उन्होंने कहा कि यह ये खेल अहमदाबाद में आयोजित होगी, जिसमें खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इन खेलों में देश को कई पदक मिलना तय है। उन्होंने बताया कि वह हर दिन चार से पांच घंटे अभ्यास कर रहे हैं। वहीं हाल में कजाकिस्तान में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक विजेता आदित्य मालरा ने कहा है कि देश में राष्ट्रमण्डल खेलों को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि पहले भारत के खिलाड़ी बाहर इन खेलों को खेलने जाया करते थे।

# यूरोपियन क्रिकेट एसोसिएशन 2026 में लॉन्च करेगा यूरो टी-20 क्लब चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी

**इस्तांबुल।** यूरोपियन क्रिकेट एसोसिएशन (ईसीए) यूरोपियन क्रिकेट एसोसिएशन वर्ष 2026 से यूरोपियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत करने जा रहा है। यह एक टी20आई प्रतियोगिता होगी जिसमें पूरे महाद्वीप के राष्ट्रीय क्लब चैंपियंस हिस्सा लेंगे। पिछले सप्ताह इस्तांबुल में हुई वार्षिक बैठक के दौरान ईसीए ने सदस्य देशों से 31 जनवरी 2026 तक टूनामेंट की मेजबानी के प्रस्ताव भेजने को कहा है। अंतिम निर्णय फरवरी में लिया जाएगा।

**टी10 प्रारूप पर भी नजर**

ईसीए ने वैश्विक स्तर पर टी10 क्रिकेट के बढ़ते व्यावसायिक संभावनाओं को भी स्वीकार किया। संस्था ने कहा कि 2026 में टी10 इवेंट्स की शुरूआत की व्यवहार्यता पर विचार किया जाएगा ताकि सदस्य संघों को वित्तीय मजबूती प्रदान की जा सके। इस संबंध में मार्केटिंग और प्रतियोगिता आयोग की सिफारिशें 2026 में कार्यकारी समिति को प्रस्तुत की जाएंगी।



### नई कार्यकारिणी का चयन

13 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित कांग्रेस में शासन से लेकर प्रतियोगिता योजनाओं तक कई मुद्दों पर चर्चा हुई। चुनावों में रोमानिया के गैब्रिएल मारिन ईसीए के नए अध्यक्ष चुने गए, जबकि नॉर्वे के यूसुफ गिलानी पहले उपाध्यक्ष बने। इसके अलावा गुरुमूर्ति पलानी (फ्रांस), मोहम्मद बिलाल जलमानी (ऑस्ट्रिया) और इंडिका थिलन परेरा (माल्टा) को उपाध्यक्ष बनाया गया। ईसीए के एसोसिएशन आर्टिकल 7 के अनुसार बोर्ड को 11 सदस्यों तक विस्तारित किया गया। नए बोर्ड सदस्यों में निकोलस फोनार्राकिस (ग्रीस), निकोलाय कोलेव (बुल्गारिया), अब्दुल शाकूर (रोमानिया), नाहित साहिन (तुर्किये), सारा गोमरसॉल (जर्सी) और लुका ब्रूनो मलास्पिना (इटली) शामिल हैं। तीन वर्ष की प्रतियोगिता संरचना तैयार ईसीए ने अगले चार वर्षों के लिए आंतरिक शासन संरचना को अंतिम रूप दिया है और आने वाले तीन वर्षों की प्रतियोगी योजनाओं को भी रेखांकित किया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की यूरोपीय चैंपियनशिप तथा प्रमुख लक्ष्य के रूप में अंडर-19 यूरोपियन चैम्पियनशिप शामिल है। जमीनी स्तर पर विकास पर जोर कांग्रेस में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने, स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने और खेल को शिक्षा, समावेशन और सामाजिक एकता के उपकरण के रूप में उपयोग करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई। ईसीए अध्यक्ष मारिन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमने चार साल के लिए अपनी शासन संरचना तैयार कर ली है और दीर्घकालिक रणनीतिक लक्ष्यों को तय कर दिया है।

# विराट कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता के कायल हुए स्टेन

### 38 की उम्र में भी खेल को लेकर रहते हैं जुनूनी

एजेंसी

**रांची।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज रहे डेल स्टेन ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी खेल के प्रति प्रतिबद्धता अटूट है। स्टेन के अनुसार इसका अंदाजा इसी से होता है कि 38 की उम्र में विराट बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि इस उम्र में अधिकतर खिलाड़ी खेल छोड़ देते हैं। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले ही एकदिवसीय में शतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने बल्लेबाजी से कोहली ने दिखाया कि एकदिवसीय प्रारुप में अब भी कोई बल्लेबाज उनकी बराबारी नहीं कर सकता। स्टेन ने कहा, ह्यजब आप 37 या 38 साल के अधिकतर खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर को छोड़ना भी पसंद नहीं है। वहीं कोहली पहले की तरह ही भारत के लिए खेलने को लेकर उत्साहित हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए उसकी भाव भंगिमा से देख सकते हैं। वह बेहद फिट हैं और मानसिक रूप से भी युवा और तरोताजा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं ह्ल उन्होंने कहा, ह्यकोहली ने पिछले 15-16 साल में 300 से अधिक एकदिवसीय खेले हैं इसलिए वह काफी अनुभवी हैं। यह उनके शरीर और दिमाग में है। अगर वह तीन दिन की बारिश के बाद भी यहां पहुचते तो भी उनकी तैयारी पर कोई असर नहीं पड़ता। वह मानसिक रूप से मजबूत हैं, अच्छी तरह से सोच सकते हैं और गेंद को बल्ले पर आते हुए देख सकते हैं। दुनिया के सबसे अच्छी खिलाड़ी यही करते हैं ह्लस्टेन ने कहा, ह्यवह स्वयं पर भरोसा रखते हैं क्योंकि वह लंबे समय से खेल रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि वह अब भी पहले की तरह खेलने को लेकर उत्साहित रहते हैं।



### इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स बोले - टीम की आलोचना स्वीकार पर अहंकारी कहना ठीक नहीं

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले ही टेस्ट में करारी हार के बाद से ही इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स निशाने पर हैं। स्टोक्स और उनकी टीम को आलोचकों ने अहंकारी करार दिया है। आलोचकों का कहना है कि टीम की तैयारियां सही नहीं हैं और वह लगातार आक्रामक रणनीति बनाये हुए है जबकि उसे कई पूर्व क्रिकेटर ने हालात के अनुसार खेलने की सलाह दी थी। वहीं स्टोक्स का कहना है कि आलोचना को वह स्वीकार करते हैं पर इस प्रकार से टीम की तैयारी और रवैये पर सवाल उठाना सही नहीं है। स्टोक्स ने अभ्यास मैचों और खिलाड़ियों की गतिविधियों को लेकर उठाई गई चिंताओं पर भी सफाई दी और कहा कि वह टीम की दृढ़ता और लचीलेपन पर विश्वास रखते हैं, भले ही व्यक्तिगत टेस्ट मैचों में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुसार न हो रहा हो। स्टोक्स के अनुसार शुरूआती टेस्ट में इंग्लैंड के प्रदर्शन को बेकार कहने वाली आलोचनाओं को स्वीकार करने के लिए वह तैयार हैं।

## एइताना बोनमाती टूटी एड़ी की सर्जरी कराएंगी : बार्सिलोना

**बार्सिलोना, स्पेन।** महिला बैलन डीओर विजेता एइताना बोनमाती अपने टूटे टखने (एड़ी) की सर्जरी कराएंगी। उनके क्लब बार्सिलोना ने इसकी पुष्टि की। बोनमाती को रविवार को स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के साथ प्रशिक्षण सत्र के दौरान यह गंभीर चोट लगी। क्लब द्वारा जारी बयान में कहा गया, सोमवार को किए गए टेस्ट में पुष्टि हुई कि उनके बाएं टखने की फिबुला हड्डी में फ्रैक्चर है। रविवार को कैटलन मीडिया ने संकेत दिया था कि यदि बोनमाती को सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है, तो वह तीन महीने से अधिक समय तक मैदान से दूर रह सकती हैं। इस चोट के कारण वह मंगलवार को जर्मनी के खिलाफ होने वाले महिला नेशंस लीग फाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में नहीं खेल पाएंगी। इसके अलावा आने वाले हफ्तों में क्लब के कई मैचों से भी बाहर रहेंगी। बोनमाती ने शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ खेले गए नेशंस लीग फाइनल के पहले चरण के 0-0 से ड्रॉ मुकाबले में स्पेन की ओर से शुरूआती एकादश में जगह बनाई थी। चोट के चलते वह दिसंबर में बेनफिका और पेरिस एफसी के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच, जनवरी में होने वाला स्पेनिश सुपर कप और कई लीगा एफ मुकाबले भी मिस करेंगी।



# मैक्सवेल ने आईपीएल 2026 ऑक्शन से नाम वापस लिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के ऑक्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। मैक्सवेल को आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स ने 4.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में सिर्फ 78 रन बनाए और चार विकेट हासिल किए। बीच सीजन में उनकी मध्य उंगली में फ्रैक्चर होने के कारण उन्हें टूनामेंट से बाहर होना पड़ा। 2012 में आईपीएल डेब्यू करने वाले मैक्सवेल का सर्वश्रेष्ठ सीजन 2014 रहा था, जब उन्होंने 542 रन बनाए थे। इसके बाद 2017 में 310 रन, 2021 में 513 रन, 2022 में 301 रन और 2023 में 400 रन उनके नाम रहे। इस बड़े फैसले की जानकारी देते हुए मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आईपीएल में बिताए गए कई यादगार सीजन के बाद, मैंने इस साल ऑक्शन में अपना नाम न डालने का फैसला किया है। यह एक बड़ा निर्णय है, जिसे मैंने लीग से मिली अपार खुशी और अनुभवों को याद करते हुए लिया है। उन्होंने आगे लिखा, आईपीएल ने मुझे एक खिलाड़ी और इंसान दोनों रूप में निखारा है। मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने, अद्भुत फ्रेंचाइज़ियों का हिस्सा बनने और जुनूनी भारतीय फैंस के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला। ये यादें, ये चुनौतियाँ और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे दिल में रहेंगी। वर्षों तक मिले समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। उम्मीद है, जल्द ही मुलाकात होगी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2026 फीफा वर्ल्ड कप फाइनल ड्रॉ में होंगे शामिल : व्हाइट हाउस

एजेंसी

**वॉशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका।** व्हाइट हाउस ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह के अंत में वॉशिंगटन में होने वाले फीफा वर्ल्ड कप फाइनल ड्रॉ में शिरकत करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका वर्ष 2026 के फीफा विश्व कप की मेजबानी कनाडा और मेक्सिको के साथ मिलकर करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मीडिया को बताया, शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप कैनेडी सेंटर में होने वाले फीफा वर्ल्ड कप फाइनल ड्रॉ में शामिल होंगे। ट्रंप ने फीफा विश्व कप को अपने दूसरे कार्यकाल की प्राथमिकताओं में शामिल किया है और इसे अगले वर्ष अमेरिका की 250वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ का एक प्रमुख आकर्षण बताया है। हालांकि यह विशाल खेल आयोजन भी उन राजनीतिक हलचलों से अछूता नहीं रहा है, जो ट्रंप की कड़े रुख वाली नीतियों के कारण सामने आई हैं। राष्ट्रपति ट्रंप पहले भी कुछ अमेरिकी मेजबान शहरों से मैचों को स्थानांतरित करने की संभावना जता चुके हैं, खासकर उन क्षेत्रों से जिन्हें वे अपराध और अवैध प्रवासन से प्रभावित डेमोक्रेट-शासित इलाके बताते हैं।





## 16 साल की उम्र मे डब्ल्यूपीएल डेब्यू करने जा रही दीया यादव

**घरेलु क्रिकेट में है शानदार रिकार्ड**

**नई दिल्ली।** 16 साल की क्रिकेटर दीया यादव इस बार महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलती नजर आयेगी। हाल में हुई नीलामी में दीया को दिल्ली कैपिटल्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा था। इसी के साथ ही दीया डब्ल्यूपीएल में अनुबंध हासिल करने वालीं सबसे युवा खिलाड़ी भी बनी हैं। दीय अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में दिल्ली के साथ जुड़ी हैं। हरियाणा और नॉर्थ जोन की आक्रामक सलामी बल्लेबाज दीया को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के कारण इस लीग में खेलने का अवसर मिला है। दीया ने पहली बार साल 2023 में अंडर 15 विमेंस वन डे ट्रॉफी के दौरान अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। तब उन्होंने 578 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 96.33 का रहा है। दीया के नाम तीन शतक और एक दोहरा शतक भी है। इस युवा क्रिकेटर ने पिछले साल जनवरी में हरियाणा की अंडर 23 और सीनियर टीमों से खेला था। मिल इसक बाद से ही वह लगातार आगे निकलती गयी हैं। वह सला 2025-26 के घरेलू सत्र में हरियाणा के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए उतरी। दीया ने सबसे पहले सीनियर विमेंस टी20 ट्रॉफी में अपनी स्टेट टीम हरियाणा की ओर से खेलते हुए आठ पारियों में 59.60 की औसत से कुल 298 रन बनाए। दीया का स्ट्राइक रेट 127.89 रनों का रहा है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से उत्तरी क्षेत्र को थे बेहतर शुरूअता का अवसर मिला। उत्तरी क्षेत्र को फाइनल में पहुंचाने में दीया की मुख्य भूमिका रही।

# विनीसियस को 2026 वर्ल्ड कप टीम में जगह पाने के लिए पूरी फिटनेस जरूरी : एंचेलोटी

**नई दिल्ली।** ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंचेलोटी ने स्पष्ट कर दिया है कि विनीसियस जूनियर को 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह पाने के लिए पूरी तरह फिट होना होगा। एंचेलोटी ने दोहराया कि वे केवल 100 प्रतिशत मैच-फिट खिलाड़ियों को ही टीम में शामिल करेंगे। अक्टूबर में एंचेलोटी ने नेमार को भी इसी तरह की चेतावनी दी थी कि सैंटोस फॉरवर्ड को टीम में वापसी के लिए पूरी फिटनेस के साथ लौटना होगा। ब्राजीलियाई स्पोर्ट्स प्रोग्राम ईस्पोर्ट्स रिकॉर्ड को दिए इंटरव्यू में इटालियन कोच ने कहा कि उनके लिए सभी खिलाड़ियों के लिए मानक समान हैं। एंचेलोटी ने कहा, टीम में कई उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और मुझे उन्हीं को चुनना है जो 100 प्रतिशत फिट हों। यह सिर्फ नेमार की बात नहीं है; यह विनीसियस पर भी लागू होता है। अगर विनीसियस 90 प्रतिशत फिट हैं, तो मैं उस खिलाड़ी को चुनूंगा जो 100 प्रतिशत फिट होगा, क्योंकि हमारे पास खासकर आक्रमण में बेहद प्रतिस्पर्धी विकल्प हैं। विनीसियस जूनियर ने जून में पराग्वे के खिलाफ 1-0 की जीत में ब्राजील के लिए एकमात्र गोल दागा था, जिससे टीम ने 2026 विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का किया। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक उत्तरी अमेरिका में होगा। ब्राजील मार्च 23 से 31 के बीच अंतरराष्ट्रीय विंडो में बोस्टन में फ्रांस के खिलाफ एक वॉर्म-अप मैच खेलेगा।



# पांड्या बड़ौदा के खिलाफ घरेलू टूर्नामेंट से वापसी करेंगे

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में मिल सकता है अवसर**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फिट नहीं होने के कारण पिछले काफी समय से खेल से बाहर चल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अब शीघ्र ही खेलते हुए दिखेंगे। माना जा रहा है कि पांड्या अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैचों में बड़ौदा की ओर से उतरेंगे। बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने भी इस बात की पुष्टि की है। पंड्या को श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले के दौरान चोट लगी थी और तभी से ही वह खेल से दूर हैं। इसी कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में नहीं खेल पाए थे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी 50 ओवर सीरीज के लिए भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। हालांकि उन्हें खेलने के लिए हरी झंडी मिल गयी है। वह बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआईक) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से भी रिलीज हो गये हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीए) के एक अधिकारी ने कहा, क्रिकेट से लंबे समय तक दूर रहने के बाद पंड्या बड़ौदा की ओर से अगले कुछ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच खेलकर फिटनेस हासिल करेंगे। बड़ौदा को बाद गुरुवार और शनिवार को गुजरात और हरियाणा से खेलना है। हार्दिक अपने भाई क्रुणाल पांड्या की कप्तानी वाली टीम में शामिल होंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चयन की दौड़ में शामिल रहेंगे। प्रज्ञान ओझा, जो चयन समिति का हिस्सा हैं वह मैदान पर पांड्या के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। प्रज्ञान की रिपोर्ट के आधार पर ही चयन समिति पांड्या को टीम में शामिल करने का फैसला करेगी। ऐसे में 9 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में पंड्या खेलते हुए नजर आ सकते हैं।



# अडाणी के शेयरों में एलआईसी का 38,658.85 करोड़ रुपए निवेश

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी सफाई, कहा - एलआईसी पर किसी तरह का दबाव नहीं, सभी निवेश तय प्रक्रिया के अनुसार

**अडाणी की कंपनियों में एलआईसी का निवेश वर्षों से चल रहे रणनीतिक निवेश का हिस्सा**

**अडाणी समूह की 6 कंपनियों के शेयरों में एलआईसी ने कुल 38,658.85 करोड़ रुपए निवेश किए**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह में एलआईसी के बड़े निवेश को लेकर उठे सवाल और वॉशिंगटन पोस्ट की ताजा रिपोर्ट के बाद संसद में राजनीतिक तापमान एक बार फिर बढ़ गया। सोमवार को लोकसभा में इस मुद्दे पर विपक्ष ने वित्त मंत्रालय को घेरा और पूछा कि क्या एलआईसी पर अडाणी समूह की कंपनियों में निवेश करने के लिए सरकारी दबाव डाला गया था। इसी बहस के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विस्तार से अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि एलआईसी के निवेश संबंधी निर्णय पूरी तरह स्वतंत्र होते हैं और वित्त मंत्रालय किसी भी कंपनी में निवेश के लिए न तो निर्देश देता है और न ही सलाह। उन्होंने कहा कि एलआईसी एक स्वायत्त संस्था है, जिसके पास अपनी पेशेवर टीम है, जो मार्केट स्थिति, जोखिम, और कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन को जांचने के बाद ही निवेश निर्णय लेती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में पहली बार अडाणी समूह में एलआईसी द्वारा निवेश की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अडाणी समूह की 6 कंपनियों के शेयरों में एलआईसी ने कुल 38,658.85 करोड़ रुपए निवेश किए। अडाणी समूह के बॉन्ड्स और डिबेंचर में 9,625.77 करोड़ रुपए का निवेश किया गया। यह निवेश कोई अचानक लिया गया निर्णय नहीं था, बल्कि वर्षों से चल रहे रणनीतिक निवेश का हिस्सा है।




# टाटा के एक और ट्रस्ट से अलग हुए मेहली मिस्त्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जाने-माने बिजनेसमैन और दिवंगत रतन टाटा के करीबी मेहली मिस्त्री ने सोमवार को स्मॉल एनिमल हॉस्पिटल ट्रस्ट के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। यह ट्रस्ट मुंबई में पालतू जानवरों के लिए देश का सबसे बड़ा स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चलाता है। यह हॉस्पिटल रतन टाटा का एक सपना था। वह अपने घायल कुत्ते के लिए देश में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा नहीं ढूंढ पाए थे। इसलिए उन्होंने यह हॉस्पिटल बनवाया था। अपने इस्तीफे में मेहली मिस्त्री ने कहा, चूंकि मैं अब सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट से जुड़ा हुआ नहीं हूं, इसलिए मैं स्मॉल एनिमल हॉस्पिटल ट्रस्ट को फंड नहीं दे पाऊंगा। साथ ही मैं ऐसे ट्रस्ट से फंड का अनुरोध भी नहीं करना चाहूंगा जिससे मैं जुड़ा हुआ नहीं हूं, इसलिए मैं तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे रहा हूं। अक्टूबर में, एसडीटीटी और एसआरटीटी में मेहली मिस्त्री का ट्रस्टी के तौर पर कार्यकाल पूरा हो गया था और उसे आगे नहीं बढ़ाया गया था। मेहली मिस्त्री के एसडीटी से इस्तीफा देने के बाद एक और ट्रस्टी डॉ. अनिरुद्ध कोहली ने भी इस्तीफा दे दिया। कोहली ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के सीईओ हैं। मिस्त्री और कोहली के जाने के बाद एसडीटी में अब पांच ट्रस्टी बचे हैं। इनमें टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा की बेटी लीया टाटा, इंडियन होटल्स (ताज) के पूर्व डायरेक्टर मेहरनोश कपाड़िया, टाटा संस के कानूनी सलाहकार रहे आर. आर. शास्त्री, टाटा मोटर्स के जनरल मैनेजर शांतनु नायडू और टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा शामिल हैं। मिस्त्री ने सुझाव दिया कि सिद्धार्थ शर्मा या किसी अन्य ट्रस्टी को हॉस्पिटल का चेयरमैन बनाया जाए। उन्होंने कहा, सिद्धार्थ, (टाटा) ट्रस्ट्स के सीईओ होने के नाते किसी बड़े टाटा ट्रस्ट्स में से किसी एक से फंड की व्यवस्था करने के लिए सबसे उपयुक्त होंगे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शेयर सस्ते में खरीदने का मौका, सरकार बेच रही है अपनी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपनी छह फीसदी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। यह हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल के जरिए बेची जाएगी। बैंक के शेयर बेचने की प्रक्रिया आज यानी 2 दिसंबर को खुल चुकी है। हालांकि रिटेल इनवेस्टर्स आज नहीं बल्कि कल यानी 3 दिसंबर को इसमें हिस्सा ले सकेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत आता है डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट। इसके सचिव अरुणिश चावला ने एक्स पर बताया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में ऑफर फॉर सेल आज नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए खुल गया है। रिटेल निवेशक बुधवार (3 दिसंबर) को बोली लगा सकते हैं। सरकार बैंक में 5 प्रतिशत इक्विटी बेचने की पेशकश कर रही है, साथ ही 1 प्रतिशत अतिरिक्त ग्रीन शू ऑप्शन के तौर पर भी है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शेयर भाव 57.70 था। सरकार ने इस ओएफएस का फ्लोर प्राइस 54 रुपये तय किया है।

## एनएचएआई का रिलायंस जियो के साथ समझौता

# नेशनल हाइवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पहले ही मिलेगा अलर्ट


**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नेशनल हाइवे उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा बढ़ाने और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए रिलायंस जियो के साथ मोबाइल आधारित सुरक्षा अलर्ट सिस्टम लागू करने के लिए समझौता किया है। इसके जरिए दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों, धुंध प्रभावित इलाकों, आवारा पशुओं वाले स्थानों और आपातकालीन मार्ग परिवर्तनों के पास पहुंचने पर यात्रियों को एसएमएस, व्हाट्सएप और उच्च प्राथमिकता कॉल के माध्यम से समय पर चेतावनी दी जाएगी। इसे एनएचएआई के डिजिटल प्लेटफॉर्म राजमार्ग यात्रा ऐप और हेल्पलाइन के साथ चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जाएगा। इससे नेशनल हाइवे पर यात्रा और अधिक सुरक्षित हो जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, इस सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को मोबाइल फोन पर पहले से चेतावनी दी जाएगी जब वे दुर्घटना-संभावित क्षेत्र, आवारा पशुओं वाले इलाके, धुंध प्रभावित क्षेत्र या आपातकालीन मार्ग परिवर्तनों के पास पहुंचेंगे। अलर्ट एसएमएस, व्हाट्सएप और उच्च प्राथमिकता वाले कॉल के जरिए भेजे जाएंगे।

एनएचएआई के डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे राजमार्ग यात्रा मोबाइल एप और आपातकालीन हेल्पलाइन 1033 के साथ इस सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से एकीकृत किया जाएगा। यह ऑटोमेटेड सिस्टम सभी जियो मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए काम करेगा और उन्हें खतरे वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले सुरक्षित निर्णय लेने में मदद करेगा। एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि यह पहल नेशनल हाइवे यात्रियों को समय पर भरोसेमंद जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे सुरक्षित ड्राइविंग कर सकेंगे। मुझे विश्वास है कि यह तकनीक-सक्षम रोड सुरक्षा प्रबंधन में नया मानक स्थापित करेगी। रिलायंस जियो के अध्यक्ष ज्योतिंद्र ठाकुर ने कहा कि यह पहल जियो के व्यापक नेटवर्क का उपयोग कर समय पर सुरक्षा अलर्ट प्रदान करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा और अधिक सुरक्षित और सूचित होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रारंभिक पायलट परियोजना कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत जोखिम क्षेत्र की पहचान और अलर्ट थ्रेशहोल्ड पर केंद्रित होगी। एनएचएआई दूसरे अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ भी भविष्य में ऐसे ही समझौते करेगा।

# औद्योगिक उत्पादन 13 महीने में सबसे कम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार अक्टूबर में 13 महीनों के निचले स्तर पर आ गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के रूप में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सालभर पहले से केवल 0.4 प्रतिशत बढ़ा माइनिंग, पावर और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों में सुस्त उत्पादन का बड़ा असर पड़ा। सालभर पहले अक्टूबर में आईआईपी ग्रोथ 3.7 प्रतिशत और सितंबर में 4.6 प्रतिशत थी। अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार घटी और उत्पादन 1.8 प्रतिशत ही बड़ा, जो सालभर पहले 4.4 प्रतिशत बढ़ा था। माइनिंग प्रोडक्शन तो 1.8 प्रतिशत घट गया, जो सालभर पहले 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं, बिजली उत्पादन भी 6.9 प्रतिशत कम रहा, जो सालभर पहले 2 प्रतिशत बढ़ा था। टीवी, फ्रिज सहित कंस्यूमर ड्यूरेबल्स में ग्रोथ माइनस 0.5 प्रतिशत और कंस्यूमर नॉन- ड्यूरेबल्स में माइनस 4.4 प्रतिशत रही। कुलमिलाकर इस वित्त वर्ष में अक्टूबर तक औद्योगिक उत्पादन की ग्रोथ 2.7 प्रतिशत ही रही, जो सालभर पहले 4 प्रतिशत थी। देर तक खिंचने से माइनिंग और बिजली उत्पादन पर असर पड़ा। वहीं अक्टूबर में त्योहारों के चलते वर्किंग डेज कम होने का असर भी औद्योगिक उत्पादन पर दिखा है।

# माल्या ने वसूली के आंकड़े पर उठाए सवाल

## कहा- रिटायर्ड जज करें सरकार और बैंकों के दावों की जांच



**लंदन, एजेंसी।** भगोड़े आर्थिक अपराधी विजय माल्या ने केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से उनके खिलाफ की गई वसूली को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक सेवानिवृत्त जज की नियुक्ति की मांग की है। माल्या ने आरोप लगाया कि सरकार और बैंक संसद और जनता के सामने लगातार गलत आंकड़े पेश कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कब तक भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक मुझे और जनता को धोखा देते रहेंगे वित्त मंत्री संसद में कहते हैं कि मुझसे 14,100 करोड़ रुपये वसूले गए। बैंक कहते हैं कि 10,000 करोड़ रुपये वसूले गए। 4,000 करोड़ रुपये के अंतर का क्या उन्होंने आगे बताया कि राज्य मंत्री ने अब संसद को बताया है कि उन पर अभी भी 10,000 करोड़ रुपये बकाया हैं, जबकि बैंकों का दावा है कि उन पर 7,000 करोड़ रुपये बकाया हैं। उन्होंने कहा कि वसूली गई राशि के लिए कोई खाता विवरण या जमा नहीं है। इन आंकड़ों पर स्पष्टता की आवश्यकता है। माल्या ने तर्क दिया कि वास्तविक आंकड़ों की पुष्टि के लिए एक स्वतंत्र जांच की जरूरत है।

माल्या ने कहा कि जांच और सच्चाई का पता लगाने के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को क्यों न नियुक्त किया जाए, खासकर जब मेरा न्याय ऋण 6,203 करोड़ रुपये का है। यह मेरे लिए एक दयनीय स्थिति है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि 31 अक्तूबर, 2025 तक भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (एफईओए) के तहत कुल 15 व्यक्तियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया गया है। यह जानकारी संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा सदस्य और दौसा से कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीणा द्वारा उठाए गए एक अतारांकित प्रश्न के उत्तर में साझा की गई। चौधरी ने कहा कि इन 15 अपराधियों में से नौ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल हैं। इस सूची में विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इन 15 एफईओ ने सामूहिक रूप से 31 अक्तूबर, 2025 तक बैंकों को 26,645 करोड़ रुपये का मूल वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा, एनपीए बनने की तारीख से 31 अक्तूबर, 2025 तक इन ऋणों पर अर्जित ब्याज 31,437 करोड़ रुपये है। चौधरी ने सदन को बताया कि 31 अक्तूबर 2025 तक इन अपराधियों से 19,187 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं।

# जियोस्टार में स्टार टेलीविजन प्रोडशंस का विलय पूरा




**मुंबई, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी सहायक कंपनी स्टर टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड (एसटीपीएल) का जियोस्टार के साथ विलय पूरा कर लिया है। एसटीपीएल स्टार ब्रांड का मालिक है और इसे समूह की अन्य कंपनियों को लाइसेंस देती है। कंपनी ने बताया कि जियोस्टार ने 30 नवंबर 2025 को शाम 6ः09 बजे जानकारी दी कि विलय योजना उसी दिन से प्रभावी हो गई है। इसके बाद एसटीपीएल आधिकारिक रूप से जियोस्टार में समाहित हो गई है। रिलायंस ने इसकी पुष्टि सोमवार को अपनी नियामक फाइलिंग में की। रिलायंस और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय मीडिया कारोबार के विलय से नवंबर 2024 में तैयार हुए संयुक्त उद्यम जियोस्टार की वैल्यूएशन 8.5 अरब डॉलर आंकी गई थी। यह देश का अग्रणी मीडिया और एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म है, जिसने सितंबर तिमाही में 7,232 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और 1,322 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। फरवरी 2025 में, जियोस्टार ने दो बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म, जियोसिनेमा और डिज्नी+ हॉटस्टार को मिलाकर नया प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार लॉन्च किया था।

# एआई और पावरफुल परफॉर्मेंस के साथ लॉन्च हुआ गैलेक्सी टैब ए11+

**एजेंसी**




**मुंबई।** सैमसंग इंडिया ने भारत में अपना नया गैलेक्सी टैब ए11+ लॉन्च कर दिया है। यह टैबलेट 11-इंच के शानदार डिस्प्ले, डोल्बी एटमॉस क्वाड स्पीकर, स्लीक मेटल डिजाइन और पावर-एफिशिएंट प्रोसेसर के साथ आता है। कंपनी का कहना है कि यह टैब छात्रों, प्रोफेशनल्स और परिवारों के लिए काम, सीखने और मनोरंजन का अनुभव और अधिक सहज और प्रभावी बनाने के लिए तैयार किया गया है। टैब में एडवांस्ड एआई फीचर्स जैसे गूगल जेमिनी, सर्कल टू सर्च और सैमसंग नोट्स पर मैथ सॉल्वर शामिल हैं। इन फीचर्स की मदद से यूजर्स रियल-टाइम विजुअल अक, ऑन-स्क्रीन टेक्स्ट अनुवाद और स्टेप-बाय-स्टेप मैथ सॉल्विंग का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर साग्निक सेन ने कहा कि कंपनी रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने वाले सार्थक इनोवेशंस तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और गैलेक्सी टैब ए11+ भारतीय उपयोगकताओं के लिए प्रीमियम डिजाइन, शक्तिशाली अकअनुभव और भरोसेमंद परफॉर्मेंस लाता है। गैलेक्सी टैब ए11+ में 8एमपी रियर और 5एमपी फ्रंट कैमरा है, जो क्लियर वीडियो कॉल्स और डॉक्यूमेंट स्कैनिंग को आसान बनाता है। इसके अलावा 3.5 ऑडियो जैक और बड़े बैटरी पावर के साथ 25 वाट फास्ट चार्जिंग सुविधा भी दी गई है। टैबलेट वाई-फाई और 5जी वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जो घर, ऑफिस या यात्रा में जुड़े रहने और उत्पादक बने रहने के लिए आदर्श है। इस टैबलेट का डिजाइन प्रीमियम मेटल फिनिश के साथ ग्रे और सिल्वर रंग में आया है, और इसका स्लिम प्रोफाइल और हल्का वजन पूरे दिन पोर्टेबिलिटी में आसानी देता है। सैमसंग का कहना है कि यह नया टैब भारतीय उपयोगकताओं को डिजिटल लर्निंग, मल्टीटास्किंग और एंटरटेनमेंट का बेहतरीन अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है।

# वित्त मंत्री सीतारमण की अपील- डिजिटल दौर की जटिल चुनौतियों से निपटने को जरूरी है वैश्विक सहयोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था डिजिटिलीकरण और नए वित्तीय उत्पादों के उभरने से नई और जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। दिल्ली में आयोजित 18वीं वैश्विक मंच की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर दिया कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी देशों के बीच सामूहिक कार्रवाई बेहद जरूरी है। सीतारमण ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार, नए वित्तीय साधनों के तेजी से प्रचलन और लाभकारी स्वामित्व की बदलती संरचनाओं ने दुनिया भर में नियामकीय निगरानी और पारदर्शिता के सामने नई कठिनाइयां खड़ी कर दी हैं। प्रक्रिया को बेहतर बनाने के दौरान देशों को गोपनीयता और साइबर सुरक्षा को अत्यधिक सतर्कता के साथ बनाए रखना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये ऐसी चुनौतियां नहीं हैं जिनका समाधान कोई एक देश अकेले कर सके। इसके लिए समन्वय, भरोसा और समयबद्ध रूप से प्रासंगिक सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता होती है। भारत के दृष्टिकोण की भावना को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही देश अलग-अलग न्यायक्षेत्रों, परंपराओं और व्यवस्थाओं से आते हों, लेकिन उनका साझा लक्ष्य एक है कानूनी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, कर चोरी को हतोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना कि समाज सम्मानजनक तरीके से प्रगति करे।

### चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की जरूरत

उन्होंने कहा कि ऐसी कई नई चुनौतियां हैं जिनसे निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। डिजिटलाइजेशन, नए वित्तीय उत्पादों का उद्भव और लाभकारी स्वामित्व की बदलती संरचनाएं लगातार देशों के बीच सहयोग की मांग करती हैं। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक वास्तविकता है, और ऐसे में विभिन्न न्यायक्षेत्रों के बीच स्थिर और भरोसेमंद संबंध अनिवार्य हैं।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वैश्विक कर प्रणाली में निष्पक्षता, स्थिरता और जनता का विश्वास बनाए रखना सामूहिक प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि टैक्स ढांचे की पारदर्शिता और उसकी विश्वसनीयता मजबूत बनी रहे। वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कर ढांचे का लक्ष्य ऐसा होना चाहिए, जिसमें सभी न्यायक्षेत्र पूरी क्षमता और सहजता के साथ भाग ले सकें। उन्होंने बताया कि भारत में विनियमित जानकारी को अनुपालन और जोखिम के व्यापक विश्लेषण के साथ एकीकृत करने के प्रयास लगातार जारी हैं। मामलों में सहयोग न केवल संभव है, बल्कि मौजूदा वैश्विक वित्तीय माहौल में आवश्यक और लाभकारी भी है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर से निकल चुकी है जहां गोपनीयता और सीमित सूचना-प्रवेश ने पारदर्शिता को बाधित किया था।

# केरल में सुरू होलक भारत-मालदीव संजुक्त सैन्य अभ्यास एकुवेरिन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**केरल।** भारतीय सेना आउर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) कर बीच संजुक्त सैन्य अभ्यास एकुवेरिन कर 14वां संस्करन मंगलवार के केरल कर तिरुवनंतपुरम में सुरू भेलक। ई संजुक्त सैन्य अभ्यास 15 दिसंबर, 2025 तक चली। गढ़वाल राइफल्स कर एगो बटालियन कर द्वारा प्रतिनिधित्व करल गेल 45 गो कर्मिवाला भारतीय सेना कर टुकड़ी, मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल द्वारा प्रतिनिधित्व करल गेल समान छमता वाला मालदीव कर एगो दल कर संगे भाइग लेवत हे। धिवेही में एकुवेरिन कर अर्थ मित्र होवेला, जे दुईयों देस कर बीच मित्रता, आपसी बिसवास आउर सैन्य सहजोग कर गहरा बंधन के दरसायला। बछर 2009 से दुईयों देस में पारा-पारी से आयोजित, एकुवेरिन अभ्यास भारत कर पड़ोसी प्रथम नीति आउर संगी देस कर संगे स्थायी रछा साझेदारी बनायेक कर उकर प्रतिबद्धता कर एगो ज्वलंत उदाहरन बनल हय।

दू हप्ताह तक चलेक वाला ई अभ्यास कर उद्देस जंगल, अर्ध-सहरी आउर तटीय इलाका में उग्रवाद-रोधी आउर आतंकवाद-रोधी अभियान में अंतर-संचालन आउर परिचालन तालमेल के बढ़ायेक हय। इकर में दुईयों पछ कर सैनिक भाग लेंबयं आउर छेतर में साझा सुरछा चुनौति कर सामना करेक कर आपन छमता के मजबूत करेक ले बेहतर अभ्यास, सामरिक अभ्यास आउर संजुक्त परिचालन जोजना साझा करबयं। ई अभ्यास हिंद महासागर छेतर में छेतरीय सांति आउर स्थिरता कर प्रति भारत आउर मालदीव कर बढ़त रछा सहजोग आउर आपसी प्रतिबद्धता के दरसायला।










# वाराणसी कर नमो घाट में 'काशी तमिल संगमम्' कर सुभारंभ

## पहिल बिसेस ट्रेन 216 गो प्रतिनिधिमन कर संगे वाराणसी पहुंचलक, केंद्रीय संचार ब्यूरो कर परदरसनी आम अदमीमन ले खोलल गेलक





प्रातः नागपुरी संवाददाता

**लखनऊ।** वाराणसी कर नमो घाट में 'काशी तमिल संगमम् 4.0' सुरू होए गेलक। उत्तर प्रदेश कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आउर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वाराणसी कर नमो घाट से काशी-तमिल संगमम कर ई चौथा संस्करन कर संजुक्त रूप से उद्घाटन करलयं। इकर में सिरकत करेक संगमम 4.0 कर पहिल बिसेस ट्रेन 216 गो प्रतिनिधिमन कर संगे वाराणसी पहुंचलक। ई अवसर में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कर इकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ परदरसनी भी लगालक। काशी आउर तमिलनाडु कर महान बिभूतिमन कर जीवन दरसन आउर केंद्र सरकार द्वारा जन कल्यान ले करल जायेक वाला महतपूर्न काम उपरे आधारित परदरसनी लगाल जाए हे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण आउर संसदीय मामला कर राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन परदरसनी कर उद्घाटन करलयं। परदरसनी के आम अदमी ले खोइल देल गेलक। ई परदरसनी 15 दिसंबर तक निरंतर रही।

काशी तमिल संगमम कर पहिल बिसेस ट्रेन 216 गो प्रतिनिधिमन कर संगे वाराणसी पहुंचलक। ई प्रतिनिधिमंडल में 50 तमिल साहित बिसेसज्ञ, 54 सांस्कृतिक विद्वान, संगे छात्र, सिछक, कारीगर, सास्त्रीय गायक, आध्यात्मिक ग्रंथ कर आचार्य आउर बिद्यार्थी सामिल हयं। काशी कर पावन धरती उपरे कदम रखतेहे सउब कर चेहरा में मुस्कान आउर उत्साह देखेक ले मिललक। काशी तमिल संगमम् 4.0 कर तहत तमिलनाडु से वाराणसी आवल छात्रमन कार्जकरम में आपन अनुभव साझा करलयं। बिद्यार्थीमन कर पहिल दल काशी पहुंइच के काशी विश्वनाथ मंदिर आउर अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा-अर्चना करलयं। काशी तमिल संगमम् 4.0 कर अंतर्गत अगस्ती ऋषि वाहन अभियान आइज तेनकासी, तमिलनाडु से सुरू होए के 12 दिसंबर के काशी, उत्तर प्रदेश में खतम होवी।













# छउवामन के जंक फूड से होवेक वाला नोकसान कर जानकारी देलयं

### इस्कूल में जागरुकता कार्जकरम आयोजित करल गेलक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची साखा रानी सती मंदिर लेन इस्थित श्री रानी सती बिद्यालय में छउवामन ले बिसेस जागरुकता कार्जकरम आउर फ्री डेन्टल चेकअप कैंप कर आयोजन करलक। फ्री डेन्टल चेकअप कैंप में डॉक्टरमन कर द्वारा छउवामन कर दांत कर निसुल्क जांच करल गेलक। दांत के स्वस्थ राखेक कर तरीका आउर उपाय साझा करल गेलक। जागरुकता कार्जकरम में लघु नाटिका कर माध्यम से छउवामन के जंक फूड से होवेक वाला नोकसान कर जानकारी देल गेलक। छउवामन के जंक फूड से दूर रहेक आउर हेल्दी फूड अपनायेक कर सलाह देल गेलक। कार्जकरम में रांची साखा अध्यछ नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, कोसाध्यछ गौरव काबरा, मंडलीय उपाध्यछ 1 आशीष अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, प्रांतीय सहसंयोजिका श्रीमती रोजी खंडेलवाल भी मौजूद रहयं। उक्त जानकारी रांची साखा कर प्रवक्ता राघव जालान देलयं।





# ठिठुरते ठंड में डालसा जरूरतमंद कर बीच करलक कंबल बितरन

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**लोहरदगा।** झालसा, रांची कर निरदेस आउर प्रधान जिला आउर सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यछ राजकमल मिश्रा कर मार्गदरसन में ठंड कर प्रकोप के देखते डालसा सचिव राजेश कुमार सदर परखंड अंतर्गत हरमू पंचायत कर हडराटोली में असहाय आउर जरूरतमंदमन कर बीच कंबल कर बितरन करलयं। ऊ कहलयं कि सर्दी कर मौसम में केऊ भी अदमी ठंड से परेसान नई होवे, एहे हमिन कर प्राथमिकता हय।

डालसा कर कोसिस रहेला कि समाज कर अंतिम पायदान में ठड़ा अदमीमन तक समय से सहायता पहुंचाल जाए। ऊ कहलयं कि कंबल बितरन के लेइ के डालसा अंतर्गत सउब परखंड में कार्जरत पीएलवी के कंबल उपलब्ध कराल जाए हे। एखन तक करीब 400 जरूरतमंद अदमीमन कर बीच कंबल कर बितरन करल जाए हे। स्थानीय अदमीमन कहलयं कि अइसन प्रयास से जरूरतमंदमन के बास्तविक मदइत मिलेला। समाज में सकारात्मक संदेस जायेला। मौका में पीएलवी संतोष भगत, विकाश ठाकुर, दीपक कुमार, शीत महतो, रोहित कुमार संगे आउर अदमीमन पहुंचल रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए शयाम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com